संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -26 सोमवार,27 नवम्बर 2023 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# गजवा-ए-हिंद साजिश के पीछे पाकिस्तान का हाथ

- चार राज्यों में मारे गए छापे में एनआइए को मिले अहम सबूत
- गजवा-ए-हिंद साजिश के पीछे पाकिस्तान का हाथ
- चार राज्यों में मारे गए छापे में एनआइए को मिले अहम सबूत
- पटना के फुलवारीशरीफ में पिछले साल जुलाई में आतंकी माड्यूल का हुआ था पर्दाफाश




**नई दिल्ली,26 नवम्बर 2023 (ए)।** भारत में गजवा-ए-हिंद साजिश के पीछे पाकिस्तान का हाथ है। रविवार को उत्तर प्रदेश के आजमगढ़, मध्य प्रदेश के देवास, गुजरात के गिर सोमनाथ और केरल के कोझिकोड जिले में मारे गए छापे में एनआइए को इसके अहम सबूत मिले हैं।

### फुलवारी शरीफ में मिले साजिश से जुड़े अहम दस्तावेज

जुलाई 2022 को पटना के फुलवारी शरीफ में मारे गए छापे में भारत को 2047 तक इस्लामिक देश बनाने की साजिश से जुड़े अहम दस्तावेज मिले थे। इसके साथ ही गिरफ्तार मरघूब अहमद दानिश के मोबाइल से गजवा-ए-हिंद के नाम से व्हाट्सएप ग्रूप भी सक्रिय मिला था। एनआइए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि असल में इस ग्रूप को एक पाकिस्तानी ने तैयार किया था।

एनआइए ने रविवार को मारे गए छापे में मोबाइल फोन, सिम और अन्य दस्तावेज बरामद किया है। इनमें भारत में कट्टर इस्लाम को बढ़ावा देने और गजवा-ए-हिंद के पीछे पाकिस्तानी हैंडलर्स का हाथ होने के अहम सबूत मिले हैं।

### पाकिस्तानी साजिश की गहन जांच शुरू

वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नए सबूतों के आधार पर फुलवारी शरीफ में दर्ज गजवा-ए-हिंद केस की जांच का दायरा बढ़ गया है और इसके पीछे पाकिस्तानी साजिश की गहन जांच शुरू कर दी गई है। अभी तक इसके पीछे सिर्फ पीएफआइ की साजिश की आशंका जताई जा रही थी।

एनआइए के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि गजवा-ए-हिंद का व्हाट्सएप ग्रूप पाकिस्तानी हैंडलर्स ने तैयार किया था और मरघूब अहमद दानिश उर्फ ताहिर मरघूब को एडमिन बना दिया था। भारत में दानिश ने इसमें कई युवाओं को जोड़ा, जहां उन्हें गजवा-ए-हिंद के लिए प्रेरित किया जाता था।

व्हाट्सएप के अलावा गजवा-ए-हिंद के नाम का यह ग्रुप टेलीग्राम और बीआइपी मैसेंजर भी सक्रिय था। इस ग्रुप का उद्देश्य आतंकी हमलों के लिए बड़ी संख्या में स्लीपर सेल तैयार करना था। भारत के अलावा इस ग्रूप में पाकिस्तान, बांग्लादेश और यमन के लोगों को भी शामिल किया था।

इसके अलावा दानिश बीडी गजवा-ए-हिंद बीडी नाम का अलग से व्हाट्सएप ग्रूप भी चलाता था, जिसमें बांग्लादेशी नागरिकों को सदस्य बनाया गया था। इन ग्रुपों में भले दानिश लोगों को शामिल करता था, लेकिन उनका संचालन प्रमुख रूप से पाकिस्तान से किया जाता था। जुलाई 2022 में जांच अपने हाथ में लेने के बाद एनआइए को दानिश के खिलाफ इस साल जनवरी में आतंकरोधी धाराओं के तहत चार्जशीट दाखिल कर चुकी है।

## सुप्रीम कोर्ट परिसर में सात फीट ऊंची भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का राष्ट्रपति ने किया अनावरण



**नई दिल्ली,26 नवम्बर 2023 (ए)।** संविधान दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट परिसर में बाबासाहेब भीम राव अंबेडकर की कांस प्रतिमा का अनावरण किया। आजादी के 76 साल बाद सुप्रीम कोर्ट परिसर में भारतीय संविधान के निर्माता भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापित करने की पहल मौजूदा मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने की।

सात फीट ऊंची पंचधातु की इस प्रतिमा में बाबासाहेब भीम राव अंबेडकर एक वकील की तरह गाउन और बैंड पहने हुए हैं। उनके हाथ में संविधान की प्रति है. इसे भारतीय मूर्तिकार नरेश कुमावत ने बनाया है।

भीम राव अंबेडकर की मूर्ति के अनावरण के मौके पर चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि लोग साफ हवा-पानी की आस लिए भी सुप्रीम कोर्ट आते हैं. हमारी न्यायिक प्रणाली में लोगों का इस कदर भरोसा है कि वे पोस्टकार्ड के जमाने से भी चिट्ठी लिखकर सुप्रीम कोर्ट से न्याय की गुहार लगाते रहे हैं और संतुष्ट होते रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स इस बात की गवाह हैं. सीजेआई ने कहा कि ज्यूडिशियल सिस्टम में जनता का विश्वास ही हमारा श्रद्धा स्थान है. आम जनता के लिए सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे हमेशा खुले हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रतिमा का अनावरण करने के बाद अपने संबोधन में कहा, 'मैं बहुत सौभाग्यशाली हूं कि राष्ट्रपति बनने के बाद मुझे अनगिनत आईआईटी, आईआईएम, विश्वविद्यालयों में जाने और वहां प्रतिभाशाली छात्रों से मिलने का अवसर मिला।

ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं को न्यायपालिका में भेजकर उन्हें देश सेवा में आगे बढ़ाने के इंतजाम होने चाहिए. इसके लिए यूपीएससी के साथ ही राज्य स्तरीय चयन व्यवस्था हो. ताकि राज्य और जिला स्तर की न्यायपालिका में प्रतिभाशाली युवा अपनी सेवाएं दे सकें. ये मेरे विचार हैं. बाकी इसकी व्यवस्था यानी तंत्र बनाने की जिम्मेदारी मैं आपके विवेक (सुप्रीम कोर्ट) पर छोड़ती हूं।

# पाक के लिए जासूसी करने वाले दो संदिग्ध गिरफ्तार

### बठिंडा छावनी के टैंकों की दी थी जानकारी





**लखनऊ,26 नवम्बर 2023 (ए)।** पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए भारतीय सेना की जासूसी करने वाले ऑटो चालक भटिंडा निवासी अमृत गिल उर्फ अमृतपाल सिंह उर्फ मंत्री और उसके मददगार रियाजुद्दीन को आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) ने गिरफ्तार किया है। बठिंडा के फूल थाने क्षेत्र में स्थित दुल्लेवाल गांव निवासी अमृत गिल पुत्र परमजीत को 23 नवंबर को पंजाब के तलवंडी साबो से गिरफ्तार किया गया था।

पूछताछ के बाद उसके मददगार गाजियाबाद के भोजपुर थाना स्थित 126, अंसारिमान, फरीदनगर निवासी रियाजुद्दीन पुत्र अनवर को एटीएस ने लखनऊ से रविवार को गिरफ्तार किया है। एटीएस ने पाकिस्तानी गुप्तचर एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले अमृत गिल व रियाजुद्दीन तथा इजहारुल के विरुद्ध आतंकी गतिविधियों को बढ़ाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया था।एटीएस के एडीजी मोहित अग्रवाल ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा भारतीय सैन्य ठिकानों की जासूसी करने की सूचना की जांच के बाद इन तीनों के नाम सामने आए थे। इजहारुल को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। वह इस समय बिहार की बेतिया जेल में बंद है। उससे पूछताछ के बाद अमृतगिल की लोकेशन मिली। आटो चालक अमृत बठिंडा सैन्य छावनी के टैंकों के बारे में आईएसआई एजेंटों को जानकारी भेजता था।

आईएसआई द्वारा रियाजुद्दीन के माध्यम से उसे लाखों रुपये दिए जाते थे। रियाजुद्दीन व इजहारुल वेल्डिंग का काम करते थे। इनकी मुलाकात राजस्थान में एक वेल्डिंग की दुकान पर काम करते समय हुई थी। उसके बाद रियाजुद्दीन भी इजहारुल के माध्यम से आईएसआई के संपर्क में आ गया। मार्च 2022 से अप्रैल 2023 के बीच रियाजुद्दीन के खाते में अज्ञात स्रोत से 70 लाख रुपये भेजे गए थे। यह धनराशि उसने अमृत गिल सहित कई अन्य को दी थी। कुछ को उसने बैंक खाते से ही धनराशि स्थानांतरित की थी।

### अमृत गिल को ट्रांजित रिमांड पर लाया गया लखनऊ

अमृत गिल को गिरफ्तार करके ट्रांजिट रिमांड पर लखनऊ लाया गया है। वहीं रिजाजुद्दीन को लखनऊ में पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। एटीएस इसे अदालत में पेश करके रिमांड हासिल करने की कवायद कर रहा है। वहीं टेरर फंडिंग की और जानकारी निकालने के लिए बिहार की जेल में बंद इजहारुल को भी लखनऊ लाने की कवायद की जा रही है।

## लॉरेंस बिश्नाई गिरोह ने गायक गिप्पी ग्रेवाल के कनाडा स्थित आवास के बाहर गोलीबारी की जिम्मेदारी ली



**नई दिल्ली,26 नवम्बर 2023 (ए)।**लॉरेंस बिश्नोई समूह ने कनाडा के वैंकूवर के व्हाइट रॉक इलाके में पंजाबी गायक गिप्पी ग्रेवाल के आवास के बाहर हुई गोलीबारी की जिम्मेदारी ली है। फेसबुक पर लॉरेंस बिश्नोई नाम के एक अकाउंट से सुनियोजित हमले में कुख्यात गिरोह की संलिप्तता की घोषणा की गई।

ग्रेवाल को संबोधित एक पोस्ट में लिखा है, हालांकि आप सलमान खान को एक भाई के रूप में मान सकते हैं, लेकिन अब आपके 'भाई' के लिए यह जरूरी है कि वह आगे आए और आपको बचाए। यह संदेश सलमान खान के लिए भी है यह भ्रम न पालें कि दाऊद या कोई भी आपको हमसे बचा सकता है। सिद्धू मूस वाला के निधन पर आपकी भावुक प्रतिक्रिया हमारी नजरों से बच नहीं पाई। हम अच्छी तरह से जानते हैं कि वह किस तरह के व्यक्ति थे और उन्होंने किस तरह के अवैध संबंध बनाए रखे थे।विक्की के मिद्दुखेरा में रहने के दौरान आप उनके साथ काफी करीब से जुड़े रहे और इसके बाद आपने सिद्धू के लिए काफी दुख भी व्यक्त किया। आप अब हमारी जांच के दायरे में हैं। इसे एक टीज़र समझें किसी भी देश में शरण लेने के लिए स्वतंत्र महसूस करें, लेकिन ध्यान रखें, मौत के लिए वीजा की जरूरत नहीं होती...।

# अदालतों में जाने से पहले डरे नहीं जनता:सीजेआई चंद्रचूड़



**नई दिल्ली,26 नवम्बर 2023 (ए)।** संविधान दिवस पर चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जनता की अदालत के रूप में काम किया है, इसलिए जनता को अदालतों में जाने से डरना नहीं चाहिए। न ही इसे आखिरी ऑप्शन के रूप में नहीं देखना चाहिए। देश की हर अदालत में आने वाला हर केस संवैधानिक शासन का ही विस्तार है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि जिस तरह संविधान हमें लोकतांत्रिक संस्थानों और प्रक्रियाओं के माध्यम से राजनीतिक मतभेदों को हल करने की अनुमति देता है, उसी तरह अदालत प्रणाली स्थापित सिद्धांतों और प्रक्रियाओं के माध्यम से असहमतियों को हल करने में मदद करती है। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि अदालतें अब अपनी कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग कर रही हैं और यह फैसला इसलिए लिया गया ताकि लोगों को पता चले कि कोर्ट के बंद कमरों के अंदर क्या हो रहा है। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने अपने संबोधन में कहा कि- देश की हर अदालत में हर मामला संवैधानिक शासन का विस्तार है।

## बीएसएनएल ने सुरंग में दी दूरसंचार की व्यवस्था



### कोल इंडिया की टीम भी हुई रेस्क्यू में शामिल

**उत्तरकाशी,26 नवम्बर 2023 (ए)।**सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालने के अभियान के बीच सुविधाएं देने का भी निरंतर प्रयास किया जा रहा है। बीएसएसएनएल ने सुरंग में दूरसंचार की व्यवस्था कर दी है। अब श्रमिकों के स्वजन को उनसे बात करने के लिए सुरंग के कैविटी वाले क्षेत्र में नहीं जाना पड़ेगा। स्वजन का कैविटी क्षेत्र में जाना जोखिम भरा था और इससे बचाव अभियान भी प्रभावित हो रहा था। अब दूरसंचार का तार सुरंग के 80 मीटर चेनेज से पहले आ चुका है। इससे सुरंग में फंसे श्रमिक भी कैविटी वाले स्थान से दूर से बात कर सकते हैं।

### कोल इंडिया की टीम भी हुई रेस्क्यू में शामिल

सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों को सकुशल निकालने में 25 से अधिक एजेंसियां काम कर रही हैं। इसी खोज बचाओ अभियान में अब नागपुर से आई कोल इंडिया लिमिटेड की चार सदस्सीय टीम सिलक्यारा पहुंची है। यह टीम वर्टिकल ड्रिलिंग के बाद श्रमिकों को बाहर निकलने वाले कैप्सूल का डिजाइन तैयार कर रही है। इस टीम में चार विशेषज्ञ आए हैं। कोल इंडिया के विशेषज्ञों के अनुसार वर्टिकल ड्रिलिंग के बाद स्टील के मजबूत कैप्सूल के अंदर खड़े होकर श्रमिकों को बाहर निकाला जाएगा।



## एमएसपी सहित कई मांगों को लेकर किसानों ने शुरू किया धरना-प्रदर्शन

**चंडीगढ़,26नवम्बर 2023 (ए)।** एमएसपी पर गारंटी सहित अन्य मांगों को लेकर संयुक्े त किसान मोर्चा के आह्वान पर राज्य भर के किसान चंडीगढ़ पहुंचना शुरू हो चुके हैं। ट्रैक्े टर-ट्रॉलियों में सवार होकर किसानों ने प्रदर्शन की शुरूआत कर दी है। वहीं सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए भारी मात्रा में यहां पुलिस बल तैनात किया गया है।किसानों के धरने के कारण चंडीगढ़ पुलिस ने नया रूट प्लान भी जारी किया है। किसानों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सीटू वर्कर भी धरनास्थल पर पहुंच चुकी हैं और इनकी संख्या अभी 300 के आसपास बताई जा रही है।

### जानें किसानों की मांगें

किसान आंदोलन में दर्ज मुकदमे लिए जाएं वापिस

एमएसपी की गारंटी के लिए बनाया जाए कानून

पराली जलाने पर जिन किसानों पर केस दर्ज हुआ है उन्हें भी लिया जाए वापस

# डीपफेक के खतरे को लेकर सरकार सतर्क

### जल्द लागू होंगे नए नियम

**नई दिल्ली,26नवम्बर 2023 (ए)।** डीपफेक के लगातर बाद रहे खतरों के देखते हुए सरकार ने फेसबुक और यूट्यूब समेत सोशल मीडिया कंपनियों को चेतावनी जारी की है। सरकार ने सोशल मीडिया साइट से कहा है कि को यूजर को रिमाइंडर भेजे कि डीपफेक और अश्लीलता या गलत सूचना फैलाने वाली कंटेंट को पोस्ट करना बैन है।

समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने दो सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि यह चेतावनी आईटी मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने एक बंद कमरे में हुई बैठक में दी है।

सरकार और बड़ी इंटरनेट कंपनियों की एक बैठक हुई है, जहां उन्हें अपनी उपयोग शर्तों को अपडेट करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है, जिन्होंने 2022 के नियमों के बावजूद उन्हें अपडेट नहीं किया है, जो बच्चों के लिए हानिकारक, अश्लील या किसी अन्य व्यक्ति का प्रतिरूपण करने वाली कंटेंट को प्रतिबंधित करते हैं। केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनिन वैष्णव ने यह भी कहा कि सरकार डीपफेक की समस्या के समाधान के लिए नियमों पर भी काम कर रही है।





चंद्रशेखर ने कहा कि फेसबुक और यूट्यूब को यूजर को हर बार लॉग इन करते समय यह याद दिलाकर नियमों के बारे में जागरूकता बढ़ानी चाहिए कि वे ऐसी कंटेंट पोस्ट नहीं कर सकते और रिमाइंडर जारी करें। उन्होंने कहा कि अन्यथा वह उन्हें ऐसा करने के लिए बाध्य करने के लिए निर्देश जारी करेंगे। चंद्रशेखर ने हाल ही में कहा था कि सभी प्लेटफॉर्म अपने कंटेंट दिशानिर्देशों को सरकारी नियमों के अनुरूप बनाने पर सहमत हुए हैं।

सरकार ऑनलाइन प्लेटफार्मों पर डीपफेक खतरे को देखने के लिए एक विशेष अधिकारी नियुक्त करेगी और जब भी नागरिकों को ऑनलाइन फर्जी कंटेंट दिखेगी तो एफआईआर दर्ज करने में सहायता करेगी। चंद्रशेखर ने मंचों को यह भी बताया कि सरकार एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार करेगा जहां नागरिक सरकार के ध्यान में अपने नोटिस, आरोप या प्लेटफार्मों द्वारा कानून के उल्लंघन की रिपोर्ट ला सकेंगे। बता दें, डीपफेक का मुद्दा हाल के दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उठाया था. इस सप्ताह की शुरुआत में जी20 देशों के एक वर्चुअल शिखर सम्मेलन के दौरान, मोदी ने डीपफेक के खतरों पर प्रकाश डाला और एआई नियमों पर वैश्विक सहयोग का आह्वान किया।

## वैवाहिक क्रूरता की कोई परिभाषित सीमा नहीं है:हाईकोर्ट

**कोलकाता, 26 नवम्बर 2023 (ए)।** कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने कहा है कि मार्शल क्रूरता की कोई परिभाषित सीमा नहीं है और इसलिए अदालत हर मामले के लिए अलग-अलग यह निर्धारित कर सकती है कि क्रूरता हुई है या नहीं। न्यायमूर्ति सौमेन सेन और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ रॉय चौधरी की खंडपीठ की टिप्पणी कुछ दिन पहले पारित एक आदेश का हिस्सा थी, जिसकी एक प्रति शनिवार को अपलोड की गई। तलाक की याचिका पर आदेश पारित करते हुए खंडपीठ ने कहा कि वैवाहिक क्रूरता आवश्यक रूप से शारीरिक क्रूरता तक ही सीमित नहीं है



और कभी-कभी अपमानजनक व्यवहार या रिश्ते को नष्ट करने का पूर्व नियोजित प्रयास भी वैवाहिक क्रूरता के समान है। खंडपीठ के मुताबिक, मानसिक शोषण और पत्नी व बच्चों के प्रति जिम्मेदारी न निभाना भी वैवाहिक क्रूरता की श्रेणी में आता है।यह भी देखा गया कि जो एक व्यक्ति के लिए वैवाहिक क्रूरता नहीं है, वह दूसरे व्यक्ति के लिए क्रूरता का कार्य हो सकता है और इसलिए वैवाहिक क्रूरता के मामले की कोई परिभाषित सीमा नहीं है।

यह टिप्पणी एक तलाक याचिका पर एक आदेश में आई। निचली अदालत ने पहले पति द्वारा वैवाहिक क्रूरता के आधार पर तलाक की मंजूरी दे दी थी। पति ने फैसले को चुनौती दी, लेकिन खंडपीठ ने भी निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखा।

# संपादकीय

## वरुण गांधी की कविता का क्या मतलब है?

भारतीय जनता पार्टी के सांसद वरुण गांधी ने अपने चुनाव क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में एक तुकबंदी पढ़ी। उन्होंने कहा-तुम्हारी मोहब्बत में हो गए फना,मांगी थी नौकरी मिला आटा, दाल, चना। भाजपा के एक सांसद का इस तरह तंज करना मामूली बात नहीं है। उन्होंने सीधे तौर पर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने हर साल दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया था। लेकिन बेरोजगारी की दर देश में बढ़ती जा रही है। दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी ही देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में पांच किलो अनाज बांट रहे हैं। पिछले साल चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार एक एक किलो दाल भी बांट रही थी। इन दोनों बातों का मजाक वरुण ने उड़ाया।

सवाल है कि इसक राजनीतिक मतलब क्या है? क्या सुल्तानपुर से भाजपा के सांसद वरुण गांधी अपनी स्वतंत्र राजनीति का रास्ता बना रहे हैं? यह सही है कि भाजपा के प्रवक्ता अभी उनका नाम लेकर उनकी आलोचना नहीं कर रहे हैं लेकिन सबको पता है कि वे जिस रास्ते पर चल रहे हैं वह रास्ता उनको भाजपा से दूर ले जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले उनकी मां मेनका गांधी को दूसरी बार मंत्री नहीं बनाया और वरुण गांधी को भी सरकार में शामिल नहीं किया। उनको पार्टी संगठन में भी कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई। पिछले दिनों वे केदारनाथ की यात्रा के दौरान राहुल गांधी से भी मिले और दोनों के बीच कोई 45 मिनट तक बातचीत हुई। उस मुलाकात के बाद ही भाजपा सरकार की नीतियों के ऊपर वरुण का हमला हुआ। हालांकि इसका यह मतलब नहीं है कि वे कांग्रेस में जा सकते हैं। लेकिन यह जरूर है कि वे भाजपा से अलग राजनीति करने का रास्ता बना रहे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि वे अलग राजनीति अपनी पार्टी बना कर करते हैं या बिना पार्टी के करते हैं या किसी पार्टी से जुड़ कर करते हैं।

## गुरू नानक देव जी का 554 वां प्रकाश पर्व पर विशेष


# कलतारण गुरू नानक आया



**कुलदीप सिंह फौजी,**
चावला एन्ड चावला,
गुरूद्वारा
काम्पलेक्स,अम्बिकापुर

गुरू नानक देव जी एक महान,समाज सुधारक,क्रान्तिकारी और राष्ट्रवादी गुरू थे, गुरू नानक देव जी (प्रथम नानक,सिख धर्म के संस्थापक) का जन्म कार्तिक पूर्णिमा को सम्वत 1526 (अंग्रेजी वर्ष 1469) को रायभोए की तलवण्डी वर्तमान में ननकाना साहिब (पाकिस्तान) के नाम से प्रसिद्ध स्थान पर हुआ था, गुरू नानक साहिब जी का जन्मदिन प्रतिवर्ष 15वीं कार्तिक पूर्णिमा यानि कार्तिक माह के पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है, गुरू नानक जी के पिता मेहता कल्याण दास जी एवं माता तृप्ता जी एक बहुत ही साधारण एवं धार्मिक विचारों वाली महिला थी, गुरू नानक देव जी की बडी बहन नानकी जी थी,जो अपने छोटे भाई यानि गुरू नानक देव जी को बहुत प्यार करती थी।

गुरू नानक देव जी एक अद्भुत एवं विलक्षण बाल थे, भगवान ने उन्हें एक गहन सोच वाले मस्तिष्क एवं तार्किक सोच से नवाजा था, 7 वर्ष की आयू में उन्होंने हिन्दी एवं संस्कृत भाषा सीखी, उन्होने दैवीय चीजों के प्रति अपनी अलौकिक एवं अद्भुत ज्ञान से अपने शिक्षक को आश्चर्यचकित कर दिया था, 13 वर्ष की आयु में वे फ़ारसी एवं संस्कृत भाषा के ज्ञाता हो गए थे, 16 वर्ष की आयु में वह पूरे क्षेत्र में तेजस्वी विद्वान के रूप में समाज के सामने आए, उनका विवाह माता सुलखणी जी से हुआ, जिनके दो पुत्र बाबा श्रीचन्द एवं लखमी चन्द थे ।



पंजाब में विभिन्न स्थानों का प्रवास करने के पश्चात उन्होंने देश और विश्व के भिन्न-भिन्न धार्मिक स्थानों के प्रवास करने का निर्णय किया, ये प्रवास गुरू नानक देव जी की चार उदासी के रूप में जानी जाती है ।इस दौरान गुरू नानक साहिब ने विभिन्न धार्मिक स्थलों का प्रवास किया एवं सिखी के उपदेश दिये । उन्होने कुरूक्षेत्र, हरिद्वार, जोशीमठ, रीठा साहिब, गोरखमत्ता (नानक मत्ता), अयोध्या, प्रयाग, वाराणसी, गया, पटना एवं असम में गुवाहटी, ढाका, पुरी, कटक, रामेश्वरम, सीलोन, बिदर, भरूच, सोमनाथ, द्वारका, जूनागढ, उज्जैन, अजमेर, मथूरा, पाकपट्टन, तलवण्डी, लाहौर, सुल्तानपुर, बिलासपुर, रावलसर, ज्वालाजी, स्पीटी घाटी, तिब्बत, लद्दाख, कारगिल, अमरनाथ, श्रीनगर एवं बारामुल्लाह का प्रवास भी किया ।

गुरू नानक साहिब जी ने मुस्लिम धार्मिक स्थलों के भी दर्शन किये, इस परिपेक्ष में वे मक्का, मदीना, बगदाद, मुल्तान, पेशावर सख्खर, हिंगलाज आदि भी गये, कई ऐतिहासिक दस्तावेज कहते हैं कि वे मक्का समुद्री रास्ते से गये । गुरू साहिब ने ईराक सम्पूर्ण अरब प्रायद्वीप, तुर्की और तेहरान (वर्तमान में इरान की राजधानी) का भ्रमण भी किया, तेहरान से गुरू साहिब ने कारवां के रास्ते काबुल, कंधार एवं जलालाबाद का भी प्रवास किया ।

प्रवास का मुख्य उद्देश्य लोगों में ईश्वर की सच्चाई और एक राष्ट्र केन्द्रित विचार के प्रति जागरूकता पैदा करना था, उन्होने सिख धर्म के विभिन्न उपदेश केन्द्रों की स्थापना की, सिख विचार का बीजारोपण निश्चित ही भारत में हुआ, लेकिन इसका प्रभाव वैश्विक है ।1520 में जब बाबर ने भारत पर आक्रमण किया, भारत भू को रक्त से लाल किया गया,अनेक धार्मिक स्थल तोडे गए, नगर के नगर उजाडे गए, मुगल सिपाहियों ने भारतीय जन पर अत्याचार किए,बाबर के सिपाहियों ने हजारों बेकसूर लोगों को मौत के घाट उतारा, एमनाबाद में महिलाओं पर अत्याचार हुए, विदेशी आक्रान्ता भारत की धनसम्पदा के जबर मालिक हो गए, गुरू नानक जी ने बाबर के इन कृत्यों का विरोध बडे ही कडे शब्दों में किया ।

गुरू साहिब ने स्वयं को एक राष्ट्रवादी के रूप में प्रस्तुत किया एवं हिन्दुस्तान के विचार बाबर के सम्मुख प्रकट किय, उन्हें गिरफ्तार किया गया, मुगलों बाबर के विरुद्ध विरोध का बिगुल फूंकने वाले गुरुनानक देव जी ने एक नए स्वतंत्रता आन्दोलन का सूत्रपात किया, बाबर द्वारा उनकी गिरपतारी सिख इतिहास की दृष्टि से स्वतंत्रता आन्दोलन का प्रारम्भ है ।

गुरू नानक साहब जी करतारपुर शहर (वर्तमान में पाकिस्तान का एक भाग), जो कि उनके द्वारा 1522 में बसाया गया था, में बस गये एवं अपना शेष जीवन (1522-1539) वहीं पर बिताया, वहां प्रतिदिन कीर्तन एवं लंगर की प्रथा का शुभारम्भ किया गया, जब गुरू साहिब ने देखा कि उनका अंत समय आ गया है तो उन्होंने भाई लहणा जी (गुरू अंगद साहिब) को द्वितीय नानक के रूप में 1539 को स्थापित किया अर्थात गुरुपद प्रदान किया एवं कुछ दिनों के पश्चात सचखंद में 22 नवम्बर 1539 को ज्योति जोत समा गये गुरू नानक साहिब जी ने गृहस्थ जीवन में रहते हुए अपना आध्यात्मिक व सामाजिक जीवन को जीने की कला समझायी, गुरू नानक साहिब जी द्वारा स्थापित सिख जीवन दर्शन का आधार मानवता की सेवा, कीर्तन, सत्संग एवं एक सर्वशक्तिमान ईश्वर के प्रति विश्वास है, इस प्रकार उन्होने सिख धर्म की आधारशिला रखी ।

उन्होंने एक नये तरीके से सर्वव्यापी, सर्वशक्तिमान और सच्चे ईश्वर-अकाल पुरख के प्रवचन दिये, ईश्वर निरंकार है, ईश्वर आत्मा है, रचयिता है, अविस्मरणीय है, जन्म-मृत्यु से परे हैं, कालविहीन है, काल निरपेक्ष है, भयरहित है एवं करता पुरख है, ईश्वर सब जानने वाला, अन्तिम सत्य, दाता, निरवैर एवं सर्वव्यापी है, वो सतनाम है, कभी न खत्म होने वाला, सदैव सत्य है ।

उन्होंने वर्ण व्यवस्था का विरोध किया, एक समाज सुधारक के रूप में गुरू नानक साहिब जी ने महिलाओं की स्थिति, गरीबों एवं, दलितों की दशा को सुधारने के लिए कार्य किये, उन्होंने जाति प्रथा एवं मुस्लिम शासकों की नीतियों का विरोध किया, आप जी के 947 शबदं श्री गुरूग्रंथ साहिब में अंकित है उनकी बाणियों में जपजी साहिब, आस दी वार, बारामाह, सिद्धगोस्ठ, ओंकार दखणी) आदि सम्मिलित हैं,संगीत उनकी. सृजनात्मक शक्ति का परिचायक बना, उन्होने भाई मरदाना जी के साथ मिलकर रागों पर आधारित शबद गायन प्रणाली का विकास किया, वो एक सुधारक के साथ साथ क्रान्तिकारी भी थे ।पुनः आप सभी को गुरूनानक देव जी के 554वें प्रकाष पर्व की लख लख बधाईयां...

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## उम्रभर

बांह से बांह ना छूटे ।
साथ से साथ ना छूटे ।
उम्रभर. ..
संग हमेशा चलते रहे ।
पहिया एक भी ना टूटे।
उम्रभर......
कदम से कदम मिले।
दीप बाती से जले।
उम्रभर. ....
जीवन हमारा चले।
सांसे बराबर मिले।
उम्रभर. ....



**गरिमा राकेश गौत्तम गर्विता**
कोटा,राजस्थान

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## सब वही

कल समय वही था
आज भी समय वही है
बस हालात बदला है
आदमी का सोच बदला है!
कल राह वही था
आज भी राह वही है
राह का रूप बदला है
पथिक का चाल बदला है!
कल प्रकृति वही था
आज भी प्रकृति वही है
प्रकृति का उपभोग बदला है
प्रकृति का दोहन बदला है!
कल ईश्वर वही था
आज भी ईश्वर वही है
भक्ति का स्वरूप बदला है
आदमी का आस्था बदला है!



**लक्ष्मी नारायण सेन**
कोटरी गरियाबंद
छत्तीसगढ़

## भोले जीवन की धारा

राम कहो या श्याम कहो,
या जप लो भोले की माला,
भिन्न-भिन्न रूपों में प्रकटे,
मिली है जीवन की धारा।
राम कहो ....
जब-जब जागी जीव चेतना,
भोले की श्वांसें महकीं,
खुले भेद जीवन के सारे,
मुस्कानें हर घर चहकीं।
राम कहो ....
चलते-चलते जीवन में जब,
आस भरा करते भोले,
ठहरा-ठहरा पानी भी तब,
उत्छृंखल हो जाता है।
राम कहो ....
शीत की आवाजाही में जब,
रवि किरणें शरमाती हैं,
भोले से जब मिले प्रेरणा,
मंद-मंद मुस्काती हैं।
राम कहो ....
सतरंगी दुनिया में जीवन,
किसे रास नहीं आता है,
भोले रंग में जो रंग जाता,
बस भवसागर तर जाता है।
राम कहो .....



**कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी राम**
गांधीनगर,इन्दौर
मध्यप्रदेश

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## बेटी बचाओ

बिटिया जनमले न मुंह लटकावा,
हे भइया बेटी बचावा।
बिटिया हइन अंगना के चिरइया
कुहुक-कुहुक कुहके जइसे
कोइलरिया।
खुशी-खुशी गोदी उठावा।
हे भइया बेटी बचावा।
बिटिया हवे बाबुल के पगरी
माई के अचरा क लाल हवे सुनरी।
कोखिया में जनि मरवावा,
हे भइया बेटी बचावा।
बिटिया हवे दुइ घर के अजोरिया,
शिक्षित भये से भागे अन्हरिया।
शिक्षा के जोति जलावा।
हे भइया बेटी पढ़ावा।
बिटिया के बाप सुनीं,सुने महतारी,
बिटिया हवे दूनों लोक के सुखारी।
बेटी- बेटा के अन्तर मिटावा।
हे भइया बेटी बचावा।
बिटिया भी पढ़के साहब बने लीं,
सभा बीच चुनिके शासन करें लीं।
शासन सुशासन बनावा।
हे भइया बेटी बचावा, बेटी पढ़ावा।



**अनुपम चतुर्वेदी**
सन्त कबीर नगर
उत्तरप्रदेश

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## फैट डाइट,सिक्स पैक एब्स और साइज जीरो फिगर के युग में योगःसुमित उब्बा



**डॉ सत्यवान सौरभ**
बड़वा (सिवानी)
भिवानी, हरियाणा

जाने-माने योग प्रशिक्षक और हिसार में इम्पैसिव योगा सोसाइटी आजाद नगर के संस्थापक सुमित उब्बा (आर्यनगर) के साथ एक विशेष साक्षात्कार में, हमने जाना कि उनके लिए योग का क्या मतलब है, विभिन्न प्रकार के योग और कुछ चलते-फिरते व्यायाम।

भारत शब्द सुनते ही आपके मन में तुरंत इसके व्यस्त जीवन, इसके कई शहरों की आपाधापी और हर कोने में धार्मिक प्रतीकों की छवियाँ उभर आती हैं। लेकिन सबसे ऊपर, आप उस समृद्ध संस्कृति के बारे में सोचते हैं जो इस देश से जुड़ी हुई है और इस संस्कृति के भीतर सबसे प्राचीन मन-शरीर, समग्र प्रथाओं में से एक योग निहित है। फ़ैड डाइट, सिक्स पैक एब्स और साइज़ ज़ीरो फिगर के युग में व्यायाम का यह सौम्य रूप खड़ा है - जो समय की कसौटी पर खरा उतरा है।



1. एक वाक्य में, आपके लिए योग को क्या परिभाषित करता है?

योग मन की एक अवस्था, जीने और ब्रह्मांड से जुड़ने का एक तरीका है।

2. आप योग का कौन सा रूप सिखाते हैं, और क्या बात इसे अन्य से अलग करते है?

शिवानंद शैलीः इसमें एक क्रम है जो पूरे शरीर को कवर करता है। हालाँकि अन्य को इसके बारे में पता है, कभी-कभी अभ्यासकर्ताओं के झुकाव को समायोजित करने के लिए अनुक्रम का त्याग किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, कुछ केवल खड़े होकर ही आसन कर सकते हैं। कुछ उलटफेर से बचते हैं। बहुत से लोग प्राणायाम से पूरी तरह बचते हैं। कुछ लोग केवल ध्यान ही करते हैं। अन्य लोग ध्यान से पूरी तरह बचते हैं।

इसलिए केवल थेरेपी आधारित सौम्य मुद्राएं हैं जबकि अन्य बहुत अधिक शरीर-केंद्रित हैं। शिवानंद योग में जप सहित सब कुछ शामिल है। इसके अलावा अधिकांश अन्य शैलियों में शिक्षक आश्चर्यचकित कर देने वाले आसन करने में सक्षम हो सकता है जो छात्रों को आकर्षित करता है, जिससे शिक्षक अभ्यास का ध्यान केंद्रित कर पाता है।

हालाँकि,शिवानंद शैली अधिकांश लोगों के दिमाग को इस संभावना के प्रति खोल देती है कि वे कठिन दिखने वाले आसन भी आज़मा सकते हैं, इसलिए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। किसी भी अभ्यास को आजीवन सहयोग देने के लिए, तीन तत्व महत्वपूर्ण हैंः प्रगति, विकास की संभावना, और मन और आत्मा के शुद्ध योग अभ्यास का अनुभव।

3. योग के नए रूपों जैसे पावर योगा, हॉट योगा आदि के बारे में आपकी क्या राय है? मैं इनमें से किसी पर भी टिप्पणी नहीं करना पसंद करूंगा। हालाँकि, मैं यह कह सकता हूँः योग इस देश में अपने जन्म के बाद से ही विकसित और फल-फूल रहा है। इसलिए इसका स्वभाव ही ऐसे प्रयोगों को समायोजित करना है। लेकिन लंबे समय में इन नए वेरिएंट में से इसके सबसे अच्छे पहलू बने रहेंगे, जबकि बेकार या मूर्खतापूर्ण ऑफ-टेक अपने आप खत्म हो सकते हैं।

4. क्या आपने किसी शहर/देश का दौरा किया है या किसी योग जागरूकता कार्यक्रम का हिस्सा रहे हैं?

मैं सामूहिक कार्यक्रमों का हिस्सा बनने के बजाय किसी भी तरह इसे अपने कोने में करना पसंद करता हूं। फिर भी मैंने शैलियों को समझने के लिए थाईलैंड की यात्रा की है। मुझे लगता है कि बहिमुर्खता किसी तरह मेरे अभ्यास में हस्तक्षेप करती है। मेरे पसंदीदा रमण महर्षि कहते हैं कि दुनिया को बदलने की कोशिश करने से पहले आपको खुद को बदलना चाहिए।

5. आपकी कुछ पसंदीदा जगहें कौन सी हैं जहां आपने योग किया है?*

मेरी चटाई ही एकमात्र ऐसी जगह है जो मायने रखती है। मैं किसी भी तंग जगह में योग कर सकता हूं। बाहरी चीज़ें किसी के अभ्यास में कुछ स्वाद जोड़ सकती हैं। लेकिन मेरे लिए यह कोई आवश्यकता नहीं रही। हालाँकि, यदि आप मेरे कुछ पसंदीदा अवकाश स्थलों का नाम बताना चाहेंगे जहाँ मैंने योग किया है, तो वे हैं गंगा नदी के पास उत्कर्षी। यह दो सप्ताह का गहन शीतकालीन पाठ्यक्रम था जिसमें सुबह से शाम तक निरंतर अभ्यास शामिल था। हर तरह से एक अद्भुत अनुभव।

मेरी यात्रा का एक और मुख्य आकर्षण नाव क्रूज पर हेड स्टैंड करना है। शीर्षासन करते समय पानी और आकाश के विशाल विस्तार को उल्टा देखना भ्रामक लेकिन रोमांचक है। योग करने का एक और यादगार अनुभव एक जलयात्रा है। थाईलैंड मेरा पसंदीदा स्थान हैं जहां मैंने योग के साथ-साथ सिंगिंग बाउल मेडिटेशन का भी अभ्यास किया। मैं हर जगह अपनी चटाई लेकर चलता हूं। यह संभवतः सर्वोत्तम सहायक वस्तु है जो आप चाहेंगे।

6. अक्सर यात्रा करने वालों के लिए कौन से योग व्यायाम विशेष रूप से फायदेमंद हैं?

एयरलाइन सीट की संकीर्ण सीमा में जटिल विस्तार निश्चित रूप से संभव नहीं है। लेकिन सांस लेने की तकनीक (प्राणायाम), वैकल्पिक नासिका से सांस लेने, गहरी सांस लेने से बंद नाक को साफ करने और कानों को केबिन के दबाव से राहत दिलाने में मदद मिल सकती है। एक बार जब आपके होटल के कमरे में थोड़ी अधिक जगह हो, तो आप मानक स्ट्रेच और पोज़ का पूरा अभ्यास कर सकते हैं-लेकिन केवल तभी जब आपने किसी शिक्षक के मार्गदर्शन में सीखा हो, न कि यू ट्यूब पर।

मेरे पसंदीदा व्यायामों में से एक, जो मेरे अभ्यास के लिए आवश्यक है, सूर्य नमस्कार है-एक संपूर्ण शरीर का व्यायाम जो पीठ और कंधे के दर्द को नियंत्रित रखने में मदद करता है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# क्यों नहीं अभिभावकों को सरकारी स्कूलों पर भरोसा?



**प्रियंका सौरभ**
आर्यनगर,हिसार
(हरियाणा)

हालिया अध्ययन ने पुष्टि की है कि शिक्षा की खराब गुणवत्ता के कारण माता-पिता को सरकारी स्कूलों पर भरोसा नहीं है और वे अपने बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला दिलाना पसंद करते हैं, भले ही इसके लिए उन्हें ट्यूशन और अन्य फीस पर काफी अधिक खर्च करना पड़े। आज देश भर के सरकारी स्कूल गरीबों और अशिक्षितों के बच्चों का सहारा बन गए, जहां उन्हें नौकरशाही और शिक्षक संघों की दया पर रहना पड़ता है। इसके परिणामस्वरूप इन स्कूलों के लिए स्थापित मानकों-पाठ्यपुस्तकों की गुणवत्ता और प्रासंगिकता, विद्यार्थियों की उपलब्धियों का निरीक्षण का विकास थम गया। आज नब्बे प्रतिशत से ज्यादा सार्वजर्वनिक खर्च की राशि भारतीय स्कूलों में अध्यापकों के वेतन और प्रशासन पर ही खर्च होती है। फिर भी विश्व में बिना अनुमति अवकाश लेने वाले अध्यापकों की संख्या भारत में सबसे अधिक है। हमारे स्कूलों में अध्यापक आते ही नहीं हैं और चार में से एक सरकारी स्कूल में रोज कोई न कोई अध्यापक छुट्टी पर होता है।

आईआईएम अहमदाबाद के शिक्षा का अधिकार संसाधन केंद्र के एक हालिया अध्ययन ने पुष्टि की है कि शिक्षा की खराब गुणवत्ता के कारण माता-पिता को सरकारी स्कूलों पर भरोसा नहीं है और वे अपने बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला दिलाना पसंद करते हैं, भले ही इसके लिए उन्हें ट्यूशन और अन्य फीस पर काफी अधिक खर्च करना पड़े। बच्चों को निजी स्कूलों में भेजने के लिए परिवारों द्वारा बताये गए दो सबसे प्रमुख कारण है - सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता के प्रति असंतोष और पास में कोई सरकारी माध्यमिक विद्यालय का न होना। विद्यालय भी अपर्याप्त बुनियादी सुविधाओं या इसकी खराब गुणवत्ता से ग्रस्त हैं। हालांकि स्कूल भवन, पेयजल और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध में स्थिति में सुधार हुआ है, लेकिन खेल के मैदानों, कंप्यूटरों और रैंप के मामले में स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। इस वजह से सरकारी स्कूल गरीबों और अशिक्षितों के बच्चों का सहारा बन गए, जहां उन्हें नौकरशाही और शिक्षक संघों की दया पर रहना पड़ता है।

इसके परिणामस्वरूप इन स्कूलों के लिए स्थापित मानकों-पाठ्यपुस्तकों की गुणवत्ता और प्रासंगिकता, विद्यार्थियों की उपलब्धियों का निरीक्षण का विकास थम गया। आज नब्बे प्रतिशत से ज्यादा सार्वजर्वनिक खर्च की राशि भारतीय स्कूलों में अध्यापकों के वेतन और प्रशासन पर ही खर्च होती है। फिर भी विश्व में बिना अनुमति अवकाश लेने वाले अध्यापकों की संख्या भारत में सबसे अधिक है। हमारे स्कूलों में अध्यापक आते ही नहीं हैं और चार में से एक सरकारी स्कूल में रोज कोई न कोई अध्यापक छुट्टी पर होता है। शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट (एएसईआर) 2022 के अनुसार, बच्चों की सरल अंग्रेजी वाक्यों को पढ़ने की क्षमता कक्षा V के बच्चों के लिए 2016 के स्तर पर बनी हुई है (2016 में 24।7 प्रतिशत से 2022 में 24।5त्न तक)। 2022 में 68।9 प्रतिशत स्कूलों में खेल का मैदान है, लड़कियों के लिए उपयोग योग्य शौचालयों वाले स्कूलों में 2022 में केवल 68।4त्न की वृद्धि हुई है, पीने के पानी की उपलब्धता वाले स्कूलों का अनुपात सिर्फ 76 प्रतिशत है।

यूनेस्को की 2021 की भारत के लिए शिक्षा की स्थिति रिपोर्ट के अनुसारः कोई शिक्षक नहीं, कोई कक्षा नहीं, भारत में लगभग 1।1 लाख स्कूल एकल-शिक्षक संस्थाएँ हैं। 2022 में शिक्षकों की औसत उपस्थिति 87।1 प्रतिशत है और पिछले कई वर्षों से औसत छात्र उपस्थिति लगभग 72 प्रतिशत बनी हुई है। सुधार के बावजूद, कुछ क्षेत्रों में लिंग असमानताएँ बनी हुई हैं। नामांकित न होने वाली 15-16 साल की लड़कियों के अनुपात में गिरावट जारी है, जो 2022 में 7।9 प्रतिशत हो गई है। भारत में प्राथमिक स्तर की कक्षा (1-5) में स्कूलों में ड्रॉपआउट की कुल दर 1।5 प्रतिशत है, उच्च प्राथमिक कक्षा (6-8) में 3 प्रतिशत है। माध्यमिक स्तर की कक्षा (9-10) में 12 प्रतिशत के साथ उच्चतम स्थान है जो अभी भी एक बड़ी चुनौती है। 2022 में किसी न किसी रूप में प्रारंभिक बचपन की शिक्षा में नामांकित 3-वर्षीय बच्चों का अनुपात 78।3 प्रतिशत है। राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एनसीएफ) को समय-समय पर संशोधित किया जाता है, लेकिन पाठ्यक्रम की प्रासंगिकता और प्रभावशीलता को लेकर चिंताएं हैं।

उच्च शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण 2021-22 पारंपरिक पाठ्यक्रमों की तुलना में व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों में कम नामांकन का संकेत देता है। कोविड-19 महामारी ने डिजिटल विभाजन को उजागर किया, जिसमें कई छात्रों के पास ऑनलाइन शिक्षा तक पहुंच नहीं थी। नीति आयोग 2023 के अनुसार, केरल और तमिलनाडु जैसे राज्यों का स्कोर अधिक है, जबकि बिहार और झारखंड जैसे राज्यों का स्कोर कम है, जो शिक्षा की गुणवत्ता में असमानताओं को दर्शाता है। कक्षा I-VIII में सशुल्क निजी ट्यूशन कक्षाएं लेने वाले बच्चों का अनुपात 2018 में 26।4 प्रतिशत से बढ़कर 2022 में 30।5 प्रतिशत हो गया। ये सब बेहद चिंतनीय है। देश और राज्य सरकारों के लिए यह कम लज्जा की बात नहीं है कि जिन कामों को उन्हें खुद करना चाहिए, उनके लिए अदालतों को आदेश देना पड़ता है। प्राथमिक स्कूलों में शिक्षा की बदहाली किसी से छिपी नही है। पूरे देश में सरकारी स्कूलों की स्थिति बहुत खराब है। कई स्कूलों में तो शिक्षक पढ़ाने ही नहीं जाते,जहां जाते हैं वहां वे मन से नहीं पढ़ाते। इन स्कूलों की दशा सुधारने के लिए बना तंत्र भी लगभग पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। किसी का किसी पर नियंत्रण नहीं है। आज पूरे तंत्र पर भ्रष्टाचार का बोलबाला है। सरकारी प्राथमिक स्कूलों की इस दशा को सुधारने के लिए सभी सरकारी अधिकारियों, निर्वाचित प्रतिनिधियों और न्यायिक कार्य से जुड़े अधिकारियों के लिए यह अनिवार्य कर दिया जाए कि वे अपने बच्चे को पढ़ने के लिए इन्हीं स्कूलों में भेजें। सरकारी स्कूलों को निजी स्कूलों से अधिक आकर्षक बनाने की पहल की जा सकती है अगर पर्याप्त कक्षाएँ, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएँ और मनोरंजक सुविधाएँ सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाये। स्वच्छ पेयजल, क्रियाशील शौचालय और नियमित स्वच्छता जागरूकता अभियान, डिजिटल शिक्षण की सुविधा के लिए कंप्यूटर, टैबलेट और इंटरनेट कनेक्टिविटी तक पहुंच प्रदान की जाए। ओडिशा सरकार का 5 टी हाई स्कूल परिवर्तन कार्यक्रम पारदर्शिता, प्रौद्योगिकी, टीम वर्क और परिवर्तन की ओर ले जाने वाली समयबद्धता की 5 टी अव धारणा पर आधारित है।



2021 में लॉन्च किया गया यह कार्यक्रम सभी उच्च विद्यालयों में स्मार्ट और डिजिटल कक्षाओं, ई-पुस्तकालयों, आधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाओं, बेहतर स्वच्छता सुविधाओं और खेल सुविधाओं के रूप में शैक्षिक प्रौद्योगिकी को अपनाने पर केंद्रित है। योग्यता-आधारित भर्ती लागू करना, प्रतिस्पर्धी वेतन प्रदान करना, और व्यावसायिक विकास के अवसर प्रदान करना,शैक्षणिक कौशल और विषय ज्ञान को बढ़ाने के लिए नियमित कार्यशालाएँ, सेमिनार और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करना, शिक्षकों को प्रेरित करने और उनके प्रयासों को मान्यता देने के लिए प्रदर्शन-आधारित इनाम प्रणाली लागू करना इस दिशा में बेहतरीन प्रयास साबित हो सकता है। एक समग्र दृष्टि कोण को शामिल करना जो संज्ञानात्मक, सामाजिक, भावना त्मक और शारीरिक विकास पर केंद्रित हो। छात्रों को भविष्य में रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करने के लिए व्यावसायिक कौशल और उद्यमशीलता प्रशिक्षण को एकीकृत करना,परियोजनाओं, क्षेत्र यात्राओं और व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से अनुभवा त्मक सीखने को प्रोत्साहित करना, एक स्वागत योग्य और समावेशी वातावरण को बढ़ावा देना जो विविधता का सम्मान करता हो और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देता हो।

विद्यार्थियों की प्रगति पर चर्चा करने और चिंताओं को दूर करने के लिए नियमित अभिभावक-शिक्षक बातचीत को प्रोत्साहित करना, स्वामित्व की भावना को बढ़ावा देने के लिए स्कूल की गतिविधियों और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में स्थानीय समुदायों को शामिल करना जैसे ओडिशा सरकार का स्कूल अभियान, अपनी तरह की एक अनूठी पहल है जो ओडिशा में सरकारी स्कूलों के सुधार में योगदान करने के लिए पूर्व छात्र समुदाय को प्रेरित और संगठित करने का प्रयास करती है। ओडिशा के आदर्श विद्यालय (ओएवी) मॉडल का उद्देश्य सुलभ, गुणात्मक और सस्ती अंग्रेजी माध्यम शिक्षा प्रदान करके ग्रामीण शहरी अंतर को पाटना है। अब तक ओडिशा के ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों के सभी 314 ब्लॉकों में 315 अंग्रेजी माध्यम के सह-शिक्षा हैं। इन पहलों को लागू करके, हम एक अधिक न्यायसंगत और समावेशी शिक्षा प्रणाली बना सकते हैं, जो प्रत्येक बच्चे को अपनी पूरी क्षमता तक पहुंचने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए सशक्त बनाती है। इसका उद्देश्य सशक्त, सुसज्जित और नैतिक युवाओं की एक पीढ़ी का निर्माण करना है, जो 21वीं सदी की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हों।

देश में माध्यमिक शिक्षा हेतु राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, और इसकी वर्तमान स्थिति से तुलना करते हुए, केंद्र और राज्य सरकारों- दोनों की वार्षिक शिक्षा योजना में इसे प्राथमिकता देकर माध्यमिक शिक्षा पर अधिक नीतिगत ध्यान केंद्रित करने का समय आ गया है। सस्ती माध्यमिक शिक्षा का प्रावधान सुनिश्चित करने हेतु सार्वजनिक निवेश में पर्याप्त वृद्धि होनी चाहिए। शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने, शिक्षकों के प्रशिक्षण, पर्याप्त शिक्षण-अधिगम संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और एक जवाबदेह और पारदर्शी शासन-व्यस्था की संरचना बनाने के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार पर समान ध्यान दिया जाना चाहिए। इस दिशा में जब तक कठोर उपाय नहीं किए जाते, वर्ष 2030 तक सार्वभौमिक स्तर माध्यमिक शिक्षा प्राप्त करना दुर्ग्राह्य ही लगता है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## सुधार में पाठ्यक्रम

भारतीय समाज के सुधार में ...
आठवीं कक्षा के पाठ आठ में....
हिंदू पुराणिक कथाओं का,
व्याख्यान किया जा रहा है।
सती को दक्ष की,
पत्नी बताया जा रहा है ।
इतने से भी सुधारकों का मन नहीं भरा जब।
सती प्रथा को सती से जोड़कर जोहर बताया जा रहा है।
पुराणों की यह कैसी............ कथाएं बता रहे हैं ।
विद्यार्थियों में कैसे भ्रम उठाए जा रहे हैं ।
सिलेबस में इस तरह जोड़ कर
पुराणों को अपनी समझ से
तोल कर ।
शिव पुराण कथा में ...
काश सती -महादेव को थोड़ा- सा टोटोल कर ।
सती दक्ष की पत्नी नहीं पुत्री थी।
पौराणिक कथाओं को मनगढ़ंत कहानी बोल कर।
भारतीय सभ्यता को हर दौर में
अपनी गलतियों को सुधारने के लिए बुद्धिजीवी सुधार करते रहे।
इतिहास को इस तरह से जोड़ा की सभ्यता का विनाश करते रहे।।



**प्रीति शर्मा असीम**
नालागढ़
हिमाचल
प्रदेश

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## माँ तो रोती है



अगर बेटा पैदा ना हो
तब मां रोती है!
बेटे के होने से पहले
प्रसव पीड़ा से मां रोती है।
छोटे होते हुए अगर बेटा
रोटी नहीं खाता तब भी
मां बेचारी रोती है।
जब बेटा पढ़ाई में प्रथम
स्थान प्राप्त करता है
तब खुशी से मां रोती है।
जब भी बेटे की नौकरी
लगती है तब खुशी से
पागल मां रोती है।
अपने बेटे का विवाह कर
जब घर में वो बहु लाती है
तब वह वारे न्यारे होकर
खुशी से झूमती रोती है।
जोरू का गुलाम बन जब
पत्नी के कहने पर वह
अपनी प्यारी मां को सताता है
तब भी बेचारी माँ रोती है।
बूढ़ा होने पर जब बेटा
अपनी मां को रोटी नहीं
खिलाता
और बीमार होने पर
दवाई नहीं लाता
तब भी बेचारी माँ रोती है।
जब कृतघ्न पुत्र अपनी
बेसहारा
और बीमार मां को
वृद्ध आश्रम में धकेलता है
उस समय मां ऐसे बेरहम
पुत्र को पैदा करने पर
पश्चाताप करके रोती है।



**प्रोफेसर शाम लाल कौशल**
रोहतक( हरियाणा)

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**





# राष्ट्र निर्माण और आपदा प्रबंधन में एनसीसी की सेवाएं होती है अतुलनीय

- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

कैडेट्सों द्वारा मल्टी परपज स्कूल में एनसीसी दिवस धूमधाम से मनाया गया। 75वां एनसीसी दिवस को यादगार बनाने के लिए एनसीसी के विद्यार्थियों के द्वारा कई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में एनसीसी ध्वजारोहण, संविधान की प्रस्तावना का पठन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरजी तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि एडिशनल एसपी पुपलेश कुमार रहे। इस अवसर पर आरजी तिवारी बताया कि राष्ट्रीयता की भावना के विकास के साथ-साथ एनसीसी का देश की सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। राष्ट्र निर्माण और आपदा प्रबंधन में एनसीसी की सेवाएं अतुलनीय होती हैं। आरती तिवारी ने सन 1979 में अविभाजित सरगुजा का प्रतिनिधित्व राजपथ दिल्ली में किया था।

संस्था के प्राचार्य एचके जयसवाल ने एनसीसी के गौरवशाली इतिहास के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एडिशनल एसपी ने विद्यालय के छात्रों में एनसीसी में भागीदारी और कैडेट होना गर्व की बात है कही। जो छात्रों में व्यक्तित्व निर्माण, आत्मविश्वास, अनुशासन के साथ-साथ सेवा के द्वितीय पायदान के लिए एक समूह तैयार करने की बात को बताया। कार्यक्रम में एनसीसी के कराओ ने राष्ट्रभक्ति से उत्प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में भूतपूर्व एनसीसी कैडेट्स, वर्तमान एनसीसी कैडेट्स सहित विद्यालय के उप प्राचार्य केके राय , एनसीसी अधिकारी नवनीत त्रिपाठी, पीटीआई विकास सिंह सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।





## ख्रीस्त राजा पर्व पर शहर में निकाली गई शोभायात्रा

- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मसीही समाज द्वारा ख्रीस्त राजा पर्व रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाज द्वारा नगर में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। ख्रीस्त राजा पर्व रविवारिय विशेष महाप्रार्थना सभा के समस्त धार्मिक अनुष्ठान, मिस्सा पूजा बिशप डॉ. अंतोनी बड़ा द्वारा महागिरजाघर मे संपन्न कराया। शोभायात्रा महागिरजा नवापारा से प्रारंभ होकर बिशप निवास, उर्सुलाईन कोन्वेन्ट, आकाशवाणी चौक, गांधी चौक, बाल संप्रेक्षण गृह से होकर संत इग्नासियुस चर्च नमना तक पहुंची। जहां मुख्य पूजन धर्मविधि सम्पन्न हुई। पूजन विधि बिशप डा. अन्तोनिस बड़ा डीडी ने किया। कार्यक्रम में संगीत संचालन फा. अमित खलखो व फा. अनुरंजन तिग्गा की अगुवाई में की गई। प्रवेश नृत्य बेदाग महागिरजा नवापारा द्वारा, बाइबिल जुलूस उर्सुलाईन स्कूल द्वारा, अर्पण नृत्य कार्मेल स्कूल द्वारा, तथा महाआरती संत अन्ना स्कूल बिरनीबेड़ा द्वारा भक्ति पूर्वक सम्पन्न किया गया। मुख्य पूजन विधि प्रारंभ होने के पूर्व विशप अन्तोनिस बड़ा ने झण्डोत्तोलन कर जुबिली 2025 का समारोही उद्घाटन किया। इस दौरान खीस्तीय समुदाय के भूतपूर्व महाधर्माध्यक्ष पास्कल टोपनो, डॉ. अजय तिर्की महापौर, प्रबोध मिंज पूर्व महापौर, फा. जॉर्ज ग्रेगोरी कुजूर, पल्ली पुरोहित बेदाग ईशमाता महागिरजा नवापारा शामिल रहे।

## उदयपुर के पास हुए सड़क हादसे में घायल पिता की भी हुई मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

5 दिन पूर्व अंबिकापुर-बिलासपुर मार्ग पर स्थित उदयपुर थाना क्षेत्र के अलकापुरी मोड़ के पास हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल पिता की मौत हो गई। जबकि दुर्घटना में पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मृतक की पत्नी व बेटी का इलाज रायपुर में चल रहा है। इनकी भी स्थिति गंभीर बनी हुई है। ये सभी बिहार से छठ कर कार से रायपुर जा रहे थे। अलकापुरी मोड़ के पास सामने से आ रही रॉयल बस से कार की भिड़ंत हो गई थी।

अमित मिश्रा पिता विनोद मिश्रा उम्र 40 वर्ष रायपुर का रहने वाला था। ये 21 नवंबर की रात को पत्नी रागिनी, बेटा श्रेयांश व बेटी नैन्सी के साथ छठ कर बिहार से रायपुर जा रहे थे। 22 नवंबर की अहले सुबह 4.30 बजे उदयपुर थाना क्षेत्र के अलकापुरी मोड़ के पास बिलासपुर से आ रही रॉयल यात्री बस से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की कार के परखच्चे उड़ गए। वहीं दुर्घटना में बेटे की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं गंभीर रूप से घायल अमित मिश्रा, रागिनी व नैंसी मिश्रा को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्थिति काफी गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने रागिनी व नैंसी को रायपुर रेफर कर दिया था। वहीं अमित मिश्रा मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में ही वेंटिलेटर पर थे। जहां रविवार की अहले सुबह मौत हो गई।

## बाइक की टक्कर से घायल युवक की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

कमलपुर के पास बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार मुरलीधर गोस्वामी उम्र 46 वर्ष जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम गजाधरपुर का रहने वाला था। वह शनिवार को पत्नी व बेटे के साथ बाइक से कमलपुर गया था। कमलपुर मुख्य मार्ग पर बाइक ने टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में मुरलीधर गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## दो बाइकों में भिड़ंत, एक की मौत,दो घायल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

लटोरी थाना क्षेत्र के सोनवाही के पास आने सामने दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में दोनों बाइक में सवार एक वृद्ध सहित तीन लोग घायल हो गए। तीनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां इलाज के दौरान वृद्ध की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार रामजीत प्रजापति उम्र 60 वर्ष बगीचा थाना क्षेत्र के पुरंगा का रहने वाला था। वह अपने रिश्तेदार परमेश्वर के साथ बाइक से दशक्रम कार्यक्रम में शामिल होने भटगांव जा रहा था। रास्ते में लटोरी थाना क्षेत्र के ग्राम सोनवाही के पास सामने से हा रही बाइक से भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में रामजीत व परमेश्वर सहित दूसरे बाइक चालक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना थान स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच कर तीनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भिजवाया। यहां इलाज के दौरान रामजीत की मौत हो गई। जबकि परमेश्वर व दूसरे बाइक सवार युवक का इलाज चल रहा है।

## अध्यातिमक समागम सह हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।



राष्ट्रीय हिन्दू संगठन के द्वारा शिव मंदिर शंकरघाट अम्बिकापुर में अध्यात्मिक समागम सह हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इस समागम में नगर के ज्येष्ठ श्रेष्ठ प्रबुद्धजन सहभागी होकर आध्यात्मिक संवाद के माध्यम से हिन्दू हिन्दुत्व और राष्ट्र के वर्तमान परिदृश्य पर व्याख्यान दिया। संगठन के जिला अध्यक्ष इंजीनियर उमेश चन्द्र सिंह ने कहा की वर्तमान परिदृश्य में भारतवर्ष की प्रतिष्ठा विश्व पटल पर एक अलग पहचान के रूप में रेखांकित हो रही है जिससे हम सभी भारतीय गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। अयोध्या में राम जन्मभूमि पर जो राम मंदिर बन रहा है उसे देखने की लिए सम्पूर्ण विश्व लालायित हैं। भगवान राम भारतवर्ष के पहचान है और राम अन्यय भक्त हनुमान हैं इस लिए यह संगठन अम्बिकापुर के सम्पूर्ण मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ करने का निर्माण लिया है। संगठन के संरक्षक और पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरिशंकर सिंह ने कहा की व्यक्ति को कर्म करना चाहिए और कर्म में निरंतरता हो तो व्यक्ति में स्वतः दक्षता आ जाती है जिससे उसके व्यक्तित्व का पहचान बनता है।

महापुरुषों का जीवन दर्शन जब हम पढ़ते हैं तो ऐसे ऐसे तथ्यों सामने आता जो हमारे मन-मस्तिष्क में रेखांकित हो जाता है। व्यक्ति जन्म से महान नहीं बनता कर्म से महान बनता है । कार्यक्रम का संचालन करते हुए पं. राज नारायण द्विवेदी ने कहा की वर्तमान परिदृश्य में विश्व पटल पर भारतवर्ष की छवि जिस प्रकार रेखांकित हो रही है या यूं कहें की महाशक्तिशाली राष्ट्रों के राष्ट्रनायक का ध्यानाकर्षण भारतवर्ष के ओर अग्रसर हो रहा है यह एक विश्वगुरू बनने का संकेत है। एक समय था संयुक्त राज्य अमेरिका और सोवियत संघ रूस के तरफ विश्व के तमाम देश टकटकी लगाए बैठे रहते थें और आज महाशक्तिशाली राष्ट्रों के राष्ट्र नायक भारतवर्ष के साथ कदम मिलाकर चलने की बातें कर रहे हैं। जय प्रकाश चौबे ने संगठन के विस्तार पर बल देते हुए कहा की हिन्दू समाज के अंतिम व्यक्ति तक इस संगठन को पहुंचाना है। धर्मांतरण को रोकने के लिए भी पहल करना आवश्यक है। हरिहर पान्डेय ने कहा की नियमित गतिविधियों के आयोजन से संगठन मजबूत होगा । आभार प्रदर्शन एस के विश्वकर्मा ने किया। विरांगना समूह की अध्यक्षा गीता द्विवेदी ने अपने जीवन से जूड़े मार्मिक तथ्यों बतलाते हुए कहा की व्यक्ति स्वहित को छोड़ राष्ट्र सेवा और जनसेवा के लिए थोड़ा थोड़ा समय निकालें तो समाज में बदलाव होगा। हनुमान चालीसा पाठ किया गया। कार्यक्रम में पं. रामनारायण शर्मा सारिका मिश्रा धीरेन्द्र नाथ पाण्डेय, ओपी पान्डेय पं. जमुना प्रसाद पान्डेय आनंद कुमार मिश्रा, श्रवण कुमार विश्वकर्मा, गुरूचरण सिंह, आदि लोग उपस्थित रहे।

## संविधान दिवस पर छात्रों को मौलिक कर्तव्यों के बारे में दी गई जानकारी



- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

राज मोहनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र में रविवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता अधिष्ठाता डॉ एस के सिन्हा द्वारा किया गया उन्होंने संविधान दिवस की बधाई देते हुए छात्रों को अपने मौलिक कर्तव्यों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी।

कृषि महाविद्यालय अनुसंधान केंद्र, शंकरगढ़ के अधिष्ठाता डॉ जीपी पैंकरा ने संविधान दिवस की शुभकामनाएं छात्रों को देते हुए उन्होंने संविधान दिवस क्यों मनाया जाता है इसके बारे में विस्तृत जानकारी दिया। इस कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय अंबिकापुर शंकरगढ़ तथा प्रतापपुर के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे, जिन्होंने संविधान दिवस के उपलक्ष में भाषण दिया। इस दौरान कृषि महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ एस आर दूबोलिया, डॉ आर एस सीदार, डॉ के एल पैंकरा, डॉ पीके भगत, डॉ एके नायक, डॉ जहार सिंह, अखिलेश लकड़ा, रोहाणी पैंकरा, डॉ आर्यमा भारती, विकाश साहू, यमलेश निषाद, डॉ सचिन जायसवाल,डॉ उमेश जयसवाल, डॉ रवि गुप्ता, शालिनी गुप्ता आदि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ नीलम चौकसे द्वारा किया गया तथा इस कार्यक्रम धन्यवाद ज्ञापन डॉ रंजीत के द्वारा किया गया।

## क्या सोशल मीडिया के किसी समूह में किसी को गाली-गलौज करना व धमकी देना अपराध नहीं?




- रवि सिंह -
बैकुंठपुर,26 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

कोरिया पुलिस वैसे तो अपनी दोषपूर्ण कार्यवाही को लेकर पहले से ही विख्यात रही है खासकर वर्तमान पुलिस अधीक्षक के कार्यकाल में पुलिसिंग चुनाव कार्य का छोड़ दें तो कभी बेहतर नहीं रहा वहीं इनके कार्यकाल में अवैध कारोबार भी जमकर फला फूला, जिले में कानून व्यवस्था का यदि हाल जाना जाए तो एक तरफ पुलिस चोरी तक रोक पाने में नाकाम साबित हो रही है पूरा जिला पुलिस बल मिलकर पटना बाजार की चोरी न तो रोक पा रहा है न ही चोरों को पकड़ पा रहा है वहीं अब एक सोशल मिडिया पोस्ट जिसमे एक पत्रकार को लेकर एक समाचार पत्र में एक पत्रकार को लेकर लगातार आपत्तिजनक टिप्पणी की जा रही है उसके परिजनों उसकी बुजुर्ग माता के लिए टिप्पणी की जा रही है अमर्यादित टिप्पणी की जा रही है पत्रकार जिसके विरुद्ध यह टिप्पणी की जा रही है वह न्याय के लिए पुलिस थाना पटना में आवेदन लेकर बार बार जा रहा है लेकिन आवेदन अस्वीकार किया जा रहा है यह कहकर की घटना सोशल मीडिया में कारित हुई और जगह क्या था यह प्रार्थी तय करके बताए। यहां ध्यान देने वाली बात यह है की यह वही कोरिया पुलिस है जो आज जो प्रार्थी पत्रकार है उसके विरुद्ध एक अपराध कायम कर चुकी है जिसमे आज के प्रार्थी पत्रकार का केवल यह अपराध था की उसने एक सोशल मीडिया पोस्ट के आधार पर खबर प्रकाशित की थी।

» कई ऐसे प्रकरण हैं जहां कोरिया जिले में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक गाली-गलौज पर टिप्पणी को लेकर दर्ज है किए गए हैं अपराध!

» लेकिन एक मामले में अपराध पंजीबद्ध करने में तकलीफ कोरिया पुलिस को क्यों?

» क्या कोरिया पुलिस मुंह देखा कार्यवाही करती है,क्या सत्ता की भनक पहले ही कोरिया पुलिस को लग गई है?

» व्हाट्सएप समूह में एक व्यक्ति द्वारा जमकर उपद्रव फैलाया गया साथ ही गाली-गलौज और धमकी भी दी गई पर शिकायत पर अपराध दर्ज करने से घबरा रही पुलिस?

मामला उस समय कोरिया पुलिस के लिए इतना बड़ा हो गया था की उसने पत्रकार के लिए ऐसी घेराबंदी की थी की उसके जानने पहचानने वालों तक के घर पर पुलिस पहुंची थी और प्रताड़ित करने की कोशिश की थी। सोशल मीडिया की एक पोस्ट को सही मानकर केवल खबर प्रकहैत करने पर कोरिया पुलिस की उस दौरान की सक्रियता की बात की जाए तो कोरिया पुलिस ने मामले को एस टी एस सी एक्ट के तहत दर्ज किया था और प्रार्थी आवेदक नहीं मिलने की स्थिति में उसने एक पुलिसकर्मी को ही प्रार्थी आवेदक बनाया था। उस समय ऐसा इसलिए किया गया था क्योंकि मामला पुलिस की छवि से जुड़ा हुआ था इसलिए पुलिस ने मामले में सोशल मीडिया पोस्ट के आधार पर भी मामला दर्ज किया था और जितनी धाराएं कानूनी जोड़ी जा सकती थीं उसने जोड़ी थीं। आज सोशल मडिया पोस्ट को लेकर एक पत्रकार एक समाचार को लेकर एक पत्रकार लगातार कोरिया पुलिस के पटना थाने का दरवाजा खटखटा रहा है अपने अपने माता जी के लिए लिखे गए अमर्यादित टिप्पणी के लिए मय सबूत खुद को प्रार्थी बताकर कार्यवाही चाह रहा है लेकिन कोरिया पुलिस की पटना शाखा प्राथमिकी दर्ज करने से पीछे हट रही है यह कहकर की घटना का स्थान और जगह स्पष्ट नहीं है। अब सवाल यह उठता है की क्या सोशल मीडिया में समाचारों में किसी के लिए उसकी छवि के साथ बिना आधार कुछ लिखना केवल इसलिए क्षम्य है क्योंकि कोरिया पुलिस को आभास हो गया है की प्रदेश में सत्ता परिवर्तन की लहर है? जब की कई उदाहरण है जिसमे पुलिस अपराध दर्ज किया है पर इस मामले में घबरा रही है क्यों?

## कलेक्टोरेट एवं विभिन्न शासकीय कार्यालयों में मनाया गया संविधान दिवस



» संविधान की प्रस्तावना का किया गया पाठन, राष्ट्र की एकता और अखण्डता को सुरक्षित रखने ली गई शपथ



- संवाददाता -
अंबिकापुर,26 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

26 नवंबर 2023 को संविधान दिवस के अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट परिसर में भारतीय संविधान की प्रस्तावना (उद्देशिका) का पालन किया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर एएल ध्रुव ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता और अखण्डता को सुरक्षित रखने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों में भी भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पालन कर शपथ ली गई।

गौरतलब है कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। डॉ. अम्बेडकर भारतीय संविधान के प्रारूप निर्माण समिति के अध्यक्ष थे और भारतीय संविधान को 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मर्पित किया गया है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर ने संविधान में प्रदत्त अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश देते हुए कहा कि भारतीय संविधान में सामाजिक, आर्थिक न्याय, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म एवं समता आदि के अधिकार प्रदान किए गए हैं। हमें राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध रहना चाहिए।

संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर जे.आर शतरंज, वरिष्ठ जिला कोषालय अधिकारी अनिल सिन्हा, सहित जिला कलेक्टोरेट कार्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# हमास का आरोप-युद्ध विराम का उल्लंघन कर रहा है इस्राइल,कहा-फलस्तीनी बंधकों की रिहाई में देरी



**तेलअवीव,26नवम्बर 2023।** इस्राइल-हमास के बीच पिछले एक महीने से अधिक समय से युद्ध जारी है। युद्ध में अब तक 14 हजार लोगों की मौत हो गई है। इस बीच, हमास के एक वरिष्ठ नेता ने दावा किया कि इस्राइल मानवीय सहायता के प्रावधानों का पालन नहीं कर रहा है। इसी के साथ उन्होंने आरोप लगाया कि इस्राइल युद्ध विराम की शर्तों का उल्लंघन कर रहे हैं। बता दें, हाल ही में इस्राइल और हमास के बीच समझौता हुआ है कि इस्राइली बंधकों की रिहाई के शर्त पर इस्राइल चार दिन का युद्धविराम देगा।

## हमास-इस्राइल एक दूसरे पर लगा रहे हैं आरोप

विदेश में हमास नेता के इस्माइल हनियेह के वरिष्ठ राजनीतिक सलाहकार ताहेर अल-नोनो के अनुसार, इस्राइल ने उत्तरी गाजा पट्टी में सहायता वितरण का पालन नहीं किया। इसी के साथ, उन्होंने आरोप लगाया कि फलस्तीनी कैदियों की रिहाई का आदेश भी किसी कोने में भटक गया है। वहीं, इस्राइल का कहना है कि उन्होंने 200 ट्रकों को पट्टी में जाने की अनुमति दी, जिनमें से 50 ट्रक उत्तरी गाजा पहुंचे। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर सामने आ रहा है कि इस्राइल के दक्षिणी शहर इलियट में हवाई हमला और विस्फोट हो गया। सोशल मीडिया पर वायरल हुई वीडियो-फोटो में दिख रहा है कि दो इंटरसेप्टर मिसाइलों को हवा में ही उड़ता हुआ दिखाया जा रहा है।

## फिलिपिनों-थाई लोगों की रिहाई के लिए भी समझौता

नोनो के अनुसार, हमास ने थाईलैंड और ईरान के साथ एक और समझौता किया है, जिसके तहत 11 थाई और फिलिपिनों नागरिकों को रिहा कर दिया जाएगा। हमास का दावा है कि आदेश के तहत इस्राइल को फलस्तीनी कैदियों को रिहा करना था। वह कारावास की अवधि पर आधारित था। इसका मतलब है कि लंबे समय से जेल में बंद लोगों को पहले रिहा किया जाएगा।

## जो बाइडन ने कड़ी मेहनत को दिया श्रेय

एक दिन पहले, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि आज सुबह 13 इस्राइली लोगों को रिहा कर दिया गया। सभी बंधक भयानक जुल्म सह कर आए हैं। पहले दिन जब हमास के आतंकियों ने लोगों को बंधक बनाया तब से मैं अपनी टीम के साथ चौबीस घंटे काम कर रहा हूं। लड़ाई को रोकने के लिए मैं लगातार दबाव डाल रहा हूं। मैंने सुनिश्चित किया कि गाजा में मानवीय सहायता पहुंचे और बंधकों की जल्द से जल्द रिहाई हो। आज बंधकों की रिहाई उसी कठोर मेहनत का परिणाम है, जो हम पहले दिन से कर रहे हैं।

# ओईसीडी शेरपा शाल ने की भारत की जी 20 अध्यक्षता की तारीफ,कहाःनई दिल्ली ने प्रभावशाली परिणाम दिए

**केप टाउन,26 नवम्बर 2023।** जी20-जी7 और एपीईसी के लिए ओईसीडी शेरपा एंड्रियास शाल ने भारत की जी20 अध्यक्षता की तारीफ की। उन्होंने कहा कि भारत की अध्यक्षता ने प्रभावशाली परिणाम दिए हैं। इस समय विश्व में भू-राजनीतिक चुनौतियां अधिक हैं। भारत की अध्यक्षता असल में काफी प्रभावशाली थी। भारत ने संगठन में अफ्रीकी संघ को शामिल करवाया। हम सभी अफ्रीकी संघ का समर्थन करते हैं। जी20 का 21वां सदस्य होने के कारण मुझे लगता है कि अफ्रीकी आवाजों को बढ़ाना महत्वपूर्ण है। हमने दक्षिण अफ्रीका के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। हम अपनी पहुंच और सहयोग का विस्तार कर रहे हैं। हम अफ्रीकी संघ को मेज पर देखकर बहुत खुश हैं।

## भारत के साथ काम कर रहे

शेरपा शाल ने आगे कहा कि जलवायु और एसडीजी वित्त हमारे समय के महत्वपूर्ण चुनौतीपूर्ण कार्यों में से एक है। हमने कोविड-19 के दौरान एसडीजी को वित्तपोषित करने में काफी संशोधन खोए हैं। हम प्रगति दर्शा रहे हैं। हम दर्शा रहे हैं कि अभी और बहुत किया जा सकता है। हमारा मानना है कि खेल में अधिक निजी पूंजी पाने के लिए पेरिस वित्त शिखर सम्मेलन के लिए सचिवालय के रूप में काम कर रहे हैं। हम जी20 के मिश्रित वित्त सिद्धांतों को विकसित करने के लिए इंडोनेशिया और भारत के साथ काम कर रहे हैं।

## अमेरिका ने जी-20 शिखर सम्मेलन को बताया पूरी तरह सफल

इससे पहले, अमेरिका भी कई मौकों पर भारत में आयोजित जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन को पूरी तरह सफल बता चुका है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मीडिया से कहा था कि हमारा मानना है कि यह एक बड़ी सफलता है। जी-20 एक बड़ा संगठन है। रूस और चीन इसके सदस्य हैं। वहीं, अमेरिकी अखबार वाशिंगटन पोस्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए लीड स्टोरी के शीर्षक में लिखा था- भारत ने जी-20 शिखर सम्मेलन में विभाजित विश्व शक्तियों के बीच समझौता कराया, पीएम मोदी की बड़ी कूटनीतिक जीत।

# मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति बोलेःअगर वैश्विक तापमान 1.5 डिग्री पहुंचा,तो हम जीवित नहीं बचेंगे



**केप टाउन,26 नवम्बर 2023 ।** जलवायु परिवर्तन वैश्विक चिंता का विषय है। इस पर मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने कहा कि अगर दुनिया का तापमान 1.5 डिग्री से ऊपर चला जाता है तो कोई भी जीवित नहीं बचेगा। दरअसल, दक्षिण अफ्रीका की राजधानी केप टाउन में एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दूसरे दिन गार्जियंस ऑफ द कॉस्ट- आइलैंड स्टेट्स एंड क्लाइमेट चैलेंजेंस विषय को संबोधित किया।

## बेहतर सुरक्षा के लिए बात करेंगे

पूर्व राष्ट्रपति नशीद ने कहा कि अगर विश्व का तापमान 1.5 डिग्री से अधिक चला जाता है तो हम जीवित नहीं बचेंगे। हमारा मंच 1.5 डिग्री से अधिक चला गया तो हम जीवित नहीं बचेंगे। हम बेहतर सुरक्षा के लिए बात करेंगे। हमारे पास एक जलवायु समृद्धि योजना है। 20 से अधिक देश ऐसे हैं, जो खराब मौसम के कारण अगले 20 वर्षों में डिफॉल्ट हो जाएंगे। देशों की संख्या में आगे जरूर इजाफा होगा।

## जलवायु परिवर्तन तत्कालिक अस्तित्व के लिए खतरा

नशीद ने इस्राइल-हमास और रूस-यूक्रेन युद्धों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि गाजा और यूक्रेन में युद्ध ने कई पर्यावरणीय मुद्दों को प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि हमें उन्हें वापस ध्यान में लाना चाहिए। ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष सुंजॉय जोशी ने इस बात पर जोर दिया कि जलवायु परिवर्तन तत्कालिक अस्तित्व के लिए खतरा है। जलवायु से संबंधित खतरे आज सभी को खतरे में डाल रहे हैं। जलवायु-प्रेरित मुद्दे विभिन्न क्षेत्रों में फैल रहे हैं। हमें 1.5 डिग्री पर ध्यान केंद्रित करना है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के खिलाफ कार्यवाही करके हम बच नहीं सकते।

# इमरान खान की पत्नी बुशरा के पूर्व पति ने दोनों के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया,लगाए ये गंभीर आरोप

**इस्लामाबाद, 26 नवम्बर 2023।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी के पूर्व पति ने शनिवार को उनके खिलाफ मामला दर्ज कराया। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार जोड़े पर व्यभिचार और धोखाधड़ी से शादी करने का आरोप लगाया गया।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, खावर फरीद मनेका ने 71 वर्षीय खान और 49 वर्षीय बुशरा बीबी के खिलाफ पाकिस्तान पीनल कोड के मुताबिक विभिन्न धाराओं में इस्लामाबाद पूर्व के वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश कुदरतुल्ला की अदालत में शिकायत दर्ज की।

## भ्रष्टाचार के मामले में मिली थी जमानत

सुनवाई के दौरान मनेका ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 200 (शिकायतकर्ता से पूछताछ) के तहत एक बयान भी दाखिल किया। मनेका, जिन्हें हाल ही में भ्रष्टाचार के एक मामले में जमानत दी गई थी, उन्होंने बयान में अपना दावा दोहराया कि खान ने उनकी शादीशुदा जिंदगी बर्बाद कर दी।



इसके बाद अदालत ने मामले में उल्लिखित तीन गवाहों, इस्तेखाम-ए-पाकिस्तान पार्टी के सदस्य अवन चौधरी, निकाह कराने वाले मुफ्ती मुहम्मद सईद और मनेका के घर के कर्मचारी लतीफ को नोटिस जारी किया और उन्हें 28 नवंबर को अदालत के सामने पेश होने का निर्देश दिया।

## आरोपों की हुई कड़ी निंदा

इस हफ्ते मनेका ने बुशरा बीबी से शादी करने से पहले इमरान को उनकी शादीशुदा जिंदगी बर्बाद करने के लिए जिम्मेदार ठहराया था। इन आरोपों की खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के नेताओं ने कड़ी आलोचना की, जिन्होंने मनेका के साक्षात्कार की नैतिक आवश्यकता पर सवाल उठाया, जबकि उनके पीएमएल-एन विरोधियों ने पूर्व प्रधानमंत्री पर कीचड़ उछालने के लिए इसका इस्तेमाल किया।

शिकायत में मनेका ने अदालत से आग्रह किया कि खान और बुशरा को न्याय के हित में कानून के अनुसार बुलाया जाए और कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने कहा कि पीटीआई प्रमुख अक्सर आध्यात्मिक उपचार की आड़ में उनकी अनुपस्थिति में घंटों उनके घर आते थे, जो न केवल अवांछनीय बल्कि अनैतिक था।

## 2017 को दे दिया था तलाक

उन्होंने आगे कहा कि खान देर रात बुशरा को फोन करते थे, बुशरा को बातचीत के लिए अलग संपर्क नंबर और मोबाइल फोन भी दिए गए थे। मनेका ने कहा कि उन्होंने 14 नवंबर, 2017 को बुशरा को तलाक दे दिया।

उन्होंने कहा, व्यभिचार का जघन्य अपराध प्रतिवादी नंबर 1 (इमरान) और 2 (बुशरा) द्वारा किया गया है और 1 जनवरी, 2018 को शादी का नाटक रचा गया था। इससे एक दिन पहले इसी तरह के मामले में एक याचिकाकर्ता ने तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए अपनी याचिका वापस ले ली थी।



# पहली खेप में किसी भी अमेरिकी को रिहा नहीं किए जाने पर बाइडेन की आलोचना

**वाशिंगटन,26 नवंबर 2023।** पहली खेप में किसी भी अमेरिकी को रिहा नहीं किए जाने पर जीओपी सांसदों के नेतृत्व में अमेरिकी लोगों के एक वर्ग ने अपने गुस्से और हताशा को व्यक्त किया व राष्ट्रपति बाइडेन की आलोचना की। मीडिया रिपोर्टों में यह दावा किया गया है।

हमास ने एक समझौते के तहत 13 इजरायलियों को मुक्त कर दिया। चार दिवसीय युद्धविराम के दौरान 50 बंधकों को रिहा किया जाना है। इसके बदले में इजरायली जेलों में बंद 150 फिलिस्तीनी महिलाओं और बच्चों को रिहा किया जाएगा। न्यूजवीक की रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार को रिहा किए गए लोगों में से कोई भी अमेरिकी नहीं शामिल होने पर कुछ रूढ़िवादी सांसद नाराज हो गए, जिन्होंने बाइडेन की आलोचना की।

अपनी प्रतिक्रिया में रूढ़िवादी टिप्पणीकार कारमाइन सबिया ने एक्स पर लिखा- कहा जाता है कि राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजराइल और हमास के साथ बंधकों के लिए सौदा किया और किसी भी अमेरिकी को इसमें शामिल नहीं किया गया।

# होसबाले बोलेःहिंदू एकता के लिए संगठनों में समन्वय जरूरी,इसी अभाव में एकजुट नहीं हो पाया समुदाय

**बैंकॉक,26 नवम्बर 2023 ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने थाईलैंड में विश्व हिंदू कांग्रेस में विभिन्न हिंदू संगठनों के बीच तालमेल बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, संगठनों के बीच समन्वय के अभाव में ही विभिन्न देशों में हिंदू समुदाय एकजुट नहीं हो पाया है।



होसबाले ने कहा, मौजूदा समय में समाज के सामने मुंह बाए खड़ी चुनौतियों के समाधान और समुदाय की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए विश्वस्तर पर हिंदू संगठनों की मजबूती एक बड़ी जरूरत है। उन्होंने समुदाय के हित में हिंदू संगठनों को आपस में जानकारी साझा करने और परस्पर सहयोग बढ़ाने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि भाषा, पंथ, जाति, उपजाति और गुरुओं के आधार पर विश्व के कई हिस्सों में कई संघ, संगठन और फोरम बन गए, लेकिन वैचारिक स्तर पर पूरी तरह समानता न होने की वजह से ये एक-दूसरे के कार्यों को नुकसान ही पहुंचा रहे हैं। संगठनों को एक-दूसरे की नकल से बचना चाहिए, क्योंकि यह आपको अपने उद्देश्यों में आगे नहीं ले जाएगा।

## चुनौतियों से निपटने की जरूरत

होसबाले ने कहा, धर्मांतरण, हिंदुओं के मानवाधिकारों का उल्लंघन और पश्चिमी देशों के कइ विश्वविद्यालयों में हिंदू और भारतीय भाषाओं के अध्ययन के लिए विभाग न होना कुछ ऐसी चुनौतियां हैं, जिनका समाधान निकालने की जरूरत है। सम्मेलन के पहले दिन पारित एक प्रस्ताव में हिंदू धर्म के लिए हिंदुत्व को ही सबसे सटीक शब्द माना गया। इसमें कहा गया है कि हिंदू धर्म के लिए हिंदुइज्म (हिंदूवाद) शब्द का इस्तेमाल करना दमन और भेदभाव का परिचायक है, जबकि हिंदू धर्म और हिंदुत्व में सनातन की पूरी धारणा सारगर्भित है।

# मस्क के ब्रेन इम्प्लांट स्टार्टअप ने जुटाए अतिरिक्त 43 मिलियन डॉलर

**सैन फ्रांसिस्को ,26 नवंबर 2023।** अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) के साथ एक फाइलिंग के अनुसार, एलन मस्क के स्वामित्व वाली ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफ़ेस कंपनी न्यूरालिंक ने अतिरिक्त 43 मिलियन डॉलर जुटाए हैं। टेकक्रंच की रिपोर्ट के अनुसार, फाइलिंग से पता चला है कि कंपनी ने अगस्त की शुरुआत में पीटर थिएल के फाउंडर्स फंड के नेतृत्व में अपनी पिछली किश्त को 280 मिलियन डॉलर से बढ़ाकर 323 मिलियन डॉलर कर दिया था।

फाइलिंग के अनुसार, 32 निवेशकों ने इस राउंड में भाग लिया। न्यूरालिंक ने अपने मूल्यांकन का खुलासा नहीं किया है। लेकिन, जून में रिपोर्ट में कहा गया था कि निजी तौर पर निष्पादित स्टॉक ट्रेडों के बाद कंपनी का मूल्य लगभग 5 बिलियन डॉलर था। न्यूरालिंक, जिसे 2016 में स्थापित किया गया था, ने एक सिलाई मशीन जैसा रोबोट बनाया। यह मस्तिष्क के अंदर अति पतले धागे को प्रत्यारोपित करने में सक्षम है।

# ईरान में 17 साल के नाबालिग को फांसी हत्या के आरोप में कार्रवाई,इस साल अब तक 684 किशोरों को मौत की सजा

**तेहरान,26 नवम्बर 2023।** ईरान में नाबालिगों को फांसी देना जारी है। इस बीच, शनिवार को एक और 17 साल के एक किशोर को फांसी दे दी गई। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हामिद्रेजा अजारी को रजावी खुरासान प्रांत के पूर्वी शहर सब्जेवर जेल में फांसी दी गई। अजारी पर हत्या का आरोप है। अजारी अपने परिवार का इकलौता औलाद था। वह स्क्रैप वर्कर के रूप में काम करता था। मई में 16 साल की उम्र में उसने एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी, जिसे फांसी की सजा सुनाई गई। मानवाधिकार संस्थाओं ने फांसी को संयुक्त राष्ट्र के कन्वेंशन का उल्लंघन बताया है।

ईरान की मानावधिकार संस्था का कहना है कि ईरान उन चुनिंदा देशों में शामिल है, जो बाल दोषियों को मौत की सजा देता है। यहां अन्य देशों की तुलना में कहीं अधिक फांसी दी जाती है। आंकड़ों के मुताबिक, इस साल में अब तक ईरान में 684 नाबालिगों को फांसी दी जा चुकी है। ईरानी मीडिया के अनुसार,



अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन किया गया है और सवालों से बचने के लिए बालक की उम्र 18 वर्ष बताई गई।

## ईरान में हिजाब पर भी विवाद

पिछले महीने, ईरान की नरगिस मोहम्मदी को शांति पुरस्कार के लिए नोबेल पुरस्कार मिला था, जो फिलहाल जेल में बंद हैं। बता दें, मोहम्मदी हिजाब पहनने का विरोध कर रही हैं। इसलिए उन्हें जेल में बंद किया गया है। मोहम्मदी की रिहाई के आंदोलनकर्ताओं ने बताया था कि ईरान की कुख्यात एवियन जेल में कैद मोहम्मदी ने कैद की शर्तों और महिलाओं के हिजाब पहनने को अनिवार्य बनाए जाने के खिलाफ भूख हड़ताल शुरू की थी। उनकी मेडिकल देखभाल की मांग स्वीकार नहीं की गई?है।

## पुराना है हिजाब विवाद

नरगिस मोहम्मदी जबरन हिजाब पहनने के नियम का विरोध कर रही हैं। ईरान में 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के लिए हिजाब पहनना अनिवार्य है। हालांकि, इस नियम का समय-समय पर विरोध होता रहा है। पिछले साल सितंबर में ईरान की मोरैलिटी पुलिस की हिरासत में महसा अमीनी नाम की लड़की की मौत के बाद देशव्यापी विरोध प्रदर्शन हुआ था। हिजाब नहीं पहनने के कारण मोरैलिटी पुलिस ने महसा को गिरफ्तार किया था।

# बंधन से मुक्ति-अपनों से मिलनः39 फलस्तीनी कैदियों के बदले हमास ने छोड़े 13 इस्राइली बंधक,सात विदेशी भी मुक्त

**तेल अवीव, 26 नवम्बर 2023।** इस्राइल और हमास के बीच लंबे समय से जारी युद्ध में फिलहाल विराम जारी है। इस बीच कतर और मिस्र के मध्यस्थों का कहना है कि हमास ने 39 फलस्तीनी नागरिकों के बदले में 13 इस्राइली नागरिकों को रिहा किया है। साथ ही सात विदेशी नागरिकों की भी रिहाई हुई है। इसके अलावा दो दिन पहले रिहा किए गए इस्राइली नागरिक अपने परिवार से मिले। बता दें, चार दिवसीय युद्ध विराम का शनिवार को दूसरा दिन है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बंधकों की रिहाई में शनिवार को तय समय से अधिक वक्त लगा। दरअसल, हमास का कहना था कि इस्राइल युद्ध विराम की शर्तों को उल्लंघन कर रहा है। वह मानवीय सहायता के ट्रकों को उत्तरी गाजा तक आने के लिए रोक रहा है। हमास का कहना है कि इस्राइल द्वारा फलस्तीनी बंधकों की रिहाई वितरण सौदे से कम था। हमास के अधिकारी का कहना है कि इस्राइल के कार्यवाही के कारण समझौता खतरे में पड़ सकता है। हमने मध्यस्थों से बात की है। हमास सशस्त्र विंग का कहना है कि उन्होंने 13 इस्राइली बंधकों सहित 7 विदेशी नागरिकों को अंतर्राष्ट्रीय रेड क्रॉस को सौंप दिया है।

## इस्राइली बंधक अपने परिजनों से मिले

गाजा में हमास द्वारा 24 नवंबर को रिहा किए गए इस्राइली बंधक श्नाइडर चिल्ड्रेन मेडिकल सेंटर में अपने परिजनों से मिले। महीनों बाद अपने परिजनों को देखते ही बंधक भावुक हो गए और भागकर उनसे लिपट गए। बंधकों में महिला और बच्चे शामिल हैं।



## हमास-इस्राइल युद्ध के दौरान मनोरोग दवाओं की मांग में 30% का इजाफा

इस्राइल-हमास युद्ध जरूर थम गया है, लेकिन इसके चलते इस्राइल में मनोरोग संबंधी दवाओं की मांग 30त तक बढ़ गई। यह खुलासा इस्राइली समाचार पत्र सीटेक ने किया है। मांग बढ़ने की वजह युद्ध के चलते भविष्य में दवाओं की कमी होने का आशंका बताई गई है। कई मरीज तो मनोचिकित्सक के पास पास जाकर दो से तीन महीने के लिए दवा प्रिस्क्राइब (दवा लिखने) करने का अनुरोध कर रहे हैं। इस्राइली फार्मासिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष डेविड पप्पो कहते हैं, इस्राइल में मनोरोग दवाओं के प्रिस्क्रिप्शन (नुस्खा लिखने) में वृद्धि नहीं हुई है, लेकिन मनोरोगी डर के कारण स्टॉक जमा कर रहे हैं। जिन दवाओं की मांग बढ़ी है उनमें चिंता, अवसाद की कम, स्लीपिंग पिल्स (नींद की दवा) की ज्यादा है।

## जिनके परिचित घायल या मर रहे, उनमें छाई घबराहट

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य परिषद के प्रमुख डॉ. जवी फिशेल कहते हैं, ये दवाएं सिर्फ चिंता और अवसाद के लिए नहीं हैं बल्कि नींद के लिए भी हैं। युद्ध शुरू होने के बाद से इस्राइलियों के बीच चिंताएं भी बढ़ी हैं। नींद की कमी केवल चिंता के कारण नहीं बल्कि मोबाइल पर अंतहीन स्क्रीन टाइम की वजह से भी है। युद्ध में जिनके परिचित घायल या मर रहे हैं उनमें घबराहट है।

## मैंने ख्वाब देखा,हम घर आ गए...और ख्वाब सच हो गया...

हमास की कैद के बाद मां व छोटी बहन के साथ रिहा हुई चार वर्षीय रज अशर इस्राइल में अस्पताल के बिस्तर पर पिता की बाहों में बैठी है। वह पिता योनी से कहती है, मैंने सपना देखा कि हम घर आ गए। बदले में उसके पिता ने कहा, हां बच्ची तुम्हारा सपना सच हो गया है। पिता-पुत्री के ये संवाद श्नाइडर चिल्ड्रेंस मेडिकल सेंटर द्वारा जारी ताजा फुटेज के हैं। इस्राइल-हमास समझौते के पहले दिन रज, उसकी दो वर्षीय बहन अवीव और मां डोरोन शुक्रवार को रिहा हुईं।

रेणुका ने गुलाब को दी कड़ी टक्कर, कांग्रेसियों ने दिखलाया सत्ता का नशा

# क्या भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में गोंगपा की आरी ने काटा कांग्रेस का पंजा ?

1 महीने में ही रेणुका ने बदली चुनावी फिजा,कारगार साबित होगी घोषणाएं ?

## दूरस्थ अंचलो तक जान जोखिम में डालकर मतदान कराने पहुंचा था दल...स्ट्रांग रूम के बाहर ईवीएम की देखरेख कर रहे भाजपाईयों का रेणुका ने बढाया हौसला

### भरतपुर क्षेत्र में सतपाल महराज,सोनहत क्षेत्र में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की चुनावी सभा का दिखेगा परिणाम पर असर ?

अपने धुआंधार प्रचार और माहौल के लिए चर्चित भाजपा प्रत्याशी रेणुका सिंह ने एक महीने में ही मतदाताओं का रूख अपनी ओर मोड़ लिया है,प्रत्याशी बतौर उनकी घोषणा अक्टूबर माह में किया गया था जिसके बाद नवरात्र के पहले दिन ही उन्होने इस विधानसभा क्षेत्र में कदम रखा था। इसके पहले खुद को कांग्रेस प्रत्याशी गुलाब कमरो द्वारा जीता हुआ प्रत्याशी माना जा रहा था,लेकिन रेणुका सिंह की मजबूत किलेबंदी के बाद चुनाव के अंतिम समय पर वे पिछड़ते नजर आए हैं। पूरे पांच वर्ष सत्ता के इर्द गिर्द घुमने वाले कार्यकर्ताओं द्वारा वनांचल क्षेत्र में मचाये गए लूट का खामियाजा भी कमरो को भुगतना पड़ा है। कई ऐसे गांव भी थे जहां विकास कार्यो को लेकर जनता ने मतदान का बहिष्कार भी किया था विधायक गुलाब कमरो जो कि खुद को विकास पुरूष बतलाते फिर रहे थे उनके क्षेत्र में विकास कार्य के लिए मतदान का बहिष्कार भी चर्चा का विषय था हलांकि इसे प्रशासन की सक्रियता से टाल दिया गया और लोगो ने मतदान में हिस्सा लिया। इसके साथ ही अपने प्रचार अभियान में रेणुका सिंह ने गुलाब कमरो की तुलना में खुद को आगे रखा था,पहले उन्हे बाहरी प्रत्याशी बतलाकर माहौल बनाय जा रहा था लेकिन उसका पलटवार रेणुका सिंह ने जोरशोर से करते हुए इस मुद्दे की हवा निकाल दी थी। इसके बाद सोनहत जनपद क्षेत्र के सलगंवा कला में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं भरतपुर क्षेत्र मे सतपाल महराज की चुनावी सभा कराकर भी रेणुका सिंह ने बढत बनाने की कोशिश की थी। दोनो चुनावी सभा का लाभ रेणुका सिंह को मिलता हुआ नजर आ रहा है।

### घोषणा कर रेणुका ने जनता को साधा

भाजपा प्रत्याशी रेणुका सिंह अपने कार्यशैली को लेकर राजनीति के मैदान में हमेशा ही चर्चित रही हैं, इसके बावजूद मोदी केबिनेट में जगह मिलना उनकी बहुत बड़ी उपलब्धि है। इस चुनाव में भी रेणुका सिंह ने वनांचल क्षेत्र में टेऊन चलाने का वादा कर जनता को प्रभावित किया है तो वहीं सतपाल महराज की सभा में चांगभखार क्षेत्र को जिला बनाने का वादा कर एक और चाल चल दिया है जाहिर सी बात है उक्त दोनो घोषणा का आमजन में खासा प्रभाव पड़ा है।

### मिली जीत तो आदिवासी महिला मुख्यमंत्री के रूप में एक चेहरा

राजनीति के जानकार बताते हैं कि यदि भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र से रेणुका सिंह को जीत मिलती है तो वे भी भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री का चेहरा हो सकती हैं,कार्यकर्ताओं ने चुनाव में सीएम दीदी आई हैं का नारा लगाकर इस बात को बल भी दिया है। मोदी सरकार ने महिला आरक्षण को लेकर एक बड़ी जीत हासिल कर ली है आगामी 5 महीने बाद लोकसभा का चुनाव होना है इस प्रदेश में आदिवासी समाज सरगुजा और बस्तर संभाग मे बहुतायात में है ऐसे में आदिवासी वर्ग से और वह भी महिला के रूप में रेणुका सिंह को भी एक दावेदार के रूप में देखा जा सकता है। रेणुका सिंह की पहुंच पकड़ राष्ट्रीय स्तर पर है और मोदी सरकार का हिस्सा होने के नाते उन पर विचार जरूर किया जा सकता है।

### रेणुका सिंह को करना पड़ा भीतरघात का सामना,भरतपुर क्षेत्र में दुर्गा शंकर मिश्रा ने संभाला मोर्चा,कमरो के करीबियों ने की गुंडागर्दी

विधानसभा के इस चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को भीतरघात का सामना भी करना पड़ा है, इस क्षेत्र की एक नेत्री के द्वारा खुलेआम पार्टी के विरोध में काम किया जा रहा था,बीच में उक्त नेत्री कुछ दिनों तक क्षेत्र से बाहर थी लेकिन आने के बाद उनके द्वारा भाजपा का काम नही किया बल्कि विरोध करते देखा गया। कई क्षेत्रो में भाजपा कार्यकर्ताओं को काम करने से रोकने का प्रयास किया गया,इस बात की चर्चा भी आज तक चल रहा है। बताया जाता है कि उक्त नेत्री के पति ने खुलेआम घुमघुम कर गोंगपा प्रत्याशी के लिए वोट मांगा जा रहा था। इसकी शिकायत भी रेणुका सिंह द्वारा पार्टी हाईकमान को की गई है। चुनाव में भरतपुर क्षेत्र में भाजपा नेता दुर्गाशंकर मिश्रा ने भी गुलाब कमरो से व्यक्तिगत विवाद के कारण रेणुका सिंह के लिए पूरी ताकत के साथ काम किया है। उनके द्वारा भरतपुर,कोटाडोल एवं कुंवारपुर मंडल में भारी बढत का दावा किया गया है। तो वहीं चुनाव के ठीक एक दिन पहले गुलाब कमरो समर्थक अंकुर सिंह द्वारा जिस प्रकार सत्ता का धौंस दिखाया जा रहा था उससे भी जनता में खासा आक्रोश देखने को मिला है।





-रवि सिंह-
कोरिया/ एमसीबी,26 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

पूरे पांच वर्ष तक अपने विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय रहने वाले प्रदेश की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 भरतपुर सोनहत क्षेत्र के विधायक गुलाब कमरो को इस चुनाव में कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ा है, आदिवासी बाहुल्य इस विधानसभा क्षेत्र में एक ओर जहां अत्यंत ही दुर्गम और बीहड़ क्षेत्र में जान जोखिम डालकर भी मतदान दलों ने ईमानदारी पूर्वक मतदान संपन्न कराया तो वहीं गड़बड़ी के मद्वेनजर मनेंद्रगढ में स्ट्रांग रूम के बाहर ईवीएम की निगरानी कर रहे भाजपा कार्यकर्ताओं का हौसला बढाने भी रेणुका सिंह पहुंची उन्होने कार्यकर्ताओं का हालचाल जाना। जीत के प्रति आत्मविश्वास से लबरेज रेणुका सिंह पूरे क्षेत्र में




कार्यकर्ताओं से इन दिनों हालचाल ले रहीं है तो वहीं चुनाव बाद हर जुबान पर आंकड़ो को लेकर दावे किये जा रहे हैं। इस चुनाव में गुलाब कमरो समर्थकों ने सत्ता का नशा भी दिखाने में कोई कमी नही की है,गोंगपा की मजबूती इस क्षेत्र में चर्चा का विषय है,राजनीतिक जानकारों का कहना है कि गोंगपा ने इस सीट पर दूसरा स्थान सुरक्षित कर लिया है, लड़ाई पहले स्थान के लिए हो रही है, भीतरघातियों के कारण भाजपा प्रत्याशी रेणुका सिंह को कई जगह कठिनाईयों का सामना करना पड़ा है,आने वाले समय में भीतरघातियो की राजनीति पर भी गहरा प्रभाव पड़ने की संभावना है। कोरिया की तरह एमसीबी जिले में भी संगठन की कमजोरी देखने को मिली है भाजपा प्रत्याशियों को यहां व्यक्तिगत मैनेजमेंट का सहारा लेना पड़ा है।



**ईवीएम की देखरेख कर रहे भाजपाई,रेणुका ने बढाया हौसला**

चुनाव पश्चात मतपेटियां स्ट्रांग रूम में सील कर दी गई हैं,कड़ी सुरक्षा व्यवस्था ऐसी है कि पक्षी भी पर नही मार सकता लेकिन इसके बावजूद कोई गड़बड़ी न हो इसके लिए भाजपा कार्यकर्ता स्ट्रांग रूम के बाहर पहरा दे रहे हैं प्रत्याशी रेणुका सिंह ने देर रात यहां का जायजा लेकर कार्यकर्ताओं का हौसला बढाया है। रेणुका सिंह जैसे दगंब नेत्री के इस क्षेत्र से चुनाव लड़ने के बाद राजनीति का नया समीकरण देखने को मिल रहा है।



Renuukaa Sinngh
1d ·

मनेंद्रगढ़ स्ट्रांगरूम के बाहर कड़कड़ाती ठंड में भी भाजपा कार्यकर्ताओं का पल पल की निगरानी करना यह बतलाता है कि हमारे कार्यकर्ता पार्टी के लिए कितने कर्तव्यनिष्ठ है। बीती रात स्ट्रांगरूम के बाहर कड़कड़ाती ठंड में बैठे कार्यकर्ताओ से मुलाक़ात कर उनका उत्साह बढाई। इस दौरान कार्यकर्ताओ के साथ चुनावी अनुभव भी साझा की.

### बैकुंठपुर के कई चेहरे दिखे कमरो के प्रचार में,मिली जीत तो ठीक वरना भैयालाल बनेंगे सहारा किया जा रहा दावा

चुनाव के दौरान भरतपुर विधानसभा क्षेत्र में बैकुंठपुर के कुछ ठेकेदार किस्म के लोग भी गुलाब कमरो का प्रचार करते नजर आए, जो कि पूरे पांच वर्ष तक सत्ता की मलाई वनांचल में खा रहे थे। ऐसे ठेकेदार अब यह कहते सुने जा रहे हैं कि गुलाब कमरो जीते तो ठीक वरना बैकुंठपुर से भैयालाल राजवाड़े ही जीतने के बाद सहारा बनेंगे। जाहिर सी बात है ऐसे स्वार्थी लोग सत्ता किसी की भी आए अपना काम निकालते हैं नेताओं को अपनी ओर आकर्षित कर लेते हैं,और कार्यकर्ता जो चुनाव में अपना सर्वस्व न्यौछावर करता है वह केवल हाथ पर हाथ धरे बैठे रहता है।

### गोंगपा के मजबूती किसके लिए घातक

भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र में इस बार गोंगपा ने बसपा के साथ गठबंधन करते हुए चुनाव लड़ा है,गोंगपा की ओर से प्रत्याशी रहे श्याम सिंह मरकाम ने समूचे क्षेत्र में वोटरो को साधा है,जातिगत समीकरण में भी वे आगे निकल चुके हैं,भरतपुर,सोनहत एवं केल्हारी,नागपुर आदि सभी क्षेत्रो में जनता का खासा समर्थन उन्हे मिला है,यह दावा किया जा रहा है कि गोंगपा या तो यह सीट निकाल सकती है या फिर दूसरे स्थान पर रहेगी,ऐसी स्थिति में यह कहा जा सकता है कि दोनो राष्ट्रीय पार्टियों में से एक हारने वाली पार्टी को यहां तीसरा स्थान मिलेगा। गोंगपा की मजबूत स्थिति किसके लिए घातक होगी यह 3 दिसंबर को पता लग सकेगा।

### एमसीबी में भी फेल हुआ भाजपा संगठन,रेणुका की टीम ने संभाला मोर्चा

विधानसभा चुनाव के दौरान संगठन की चिंताजनक स्थिति के कारण रेणुका सिंह को भी काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा है,एमसीबी जिले के भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल केशरवानी की निष्क्रियता भी चर्चा का विषय है। इस जिले में भी संगठन के कार्यकर्ता नदारद थे तो वहीं पन्ना,बूथ प्रभारी आदि भी सिर्फ कागजो में दिखा। चुनाव के दौरान पहले चरण के प्रचार अभियान के बाद रेणुका सिंह ने अपने कार्यकर्ताओं को हर क्षेत्र में तैनात कर अलग से रणनीति बनाई जिसके बाद स्थिति में काफी सुधार देखने को मिला ।

### चुनाव बाद गुलाब कमरो का कांफीडेंस गिरा,परिणाम 3 को

खुद को फिर से विधायक मानकर चल रहे गुलाब कमरो को कड़ी टक्कर मिली है,गोंगपा ने जिस प्रकार पूरे क्षेत्र में अच्छा वोट हासिल करने का दावा किया है उससे कहीं न कहीं गुलाब कमरो के वोट बैंक पर खासा असर पड़ा है। सूत्रो ने बतलाया कि भाजपा उम्मीदवार रेणुका सिंह ने भी चुनाव के बाद गुलाब कमरो से बात किया था और उनका इस बारे में बयान भी सामने आया है,बतलाया जाता है कि चुनाव के बाद गुलाब कमरो का कांफिडेस भी कम हो गया है,वे क्षेत्र में नजर भी नही आ रहे हैं उनके कार्यकर्ता भी निराश बतलाये जा रहे हैं। हलांकि जीत किसकी होगी यह तो मतगणना तिथि 3 दिसंबर को ही पता चलेगा लेकिन चुनाव में काम करने वाले कार्यकर्ता को परिणाम का अंदाजा पहले से मिल जाता है।

### मतदान दलों ने जान जोखिम में डालकर कराया मतदान

विकास के दावे करने वाले विधायक गुलाब कमरो के क्षेत्र में चुनाव कराने गए मतदान दलो को इस बार भी कई जगह कठिनाईयो का सामना करना पड़ा है,अति दुर्गम व वनांचल क्षेत्र में आज भी कई ऐसे गांव है जहां विकास की किरणें नही पहुंच सकी है,कुछ दलो को रात टेंट पंडाल में बिताना पड़ा है,एक दल के कर्मचारी ने बताया कि पंडाल के पीछे भालूओ का जमावड़ा भी देखा गया,कड़कड़ाती ठंड में अलाव के सहारे रात गुजारने का अनुभव भी मिला है।

# संविधान दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन




-संवाददाता-
बैकुंठपुर,26 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

संविधान दिवस के अवसर पट जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में आज जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव वीरेन्द्र सिंह ने भारतीय संविधान की विशेषता एवं महत्व के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए कहा कि संविधान के निर्माण की आवश्यकता तथा किस तरह भारतीय संविधान हमें हमारे अधिकार प्रदान करते हैं तथा हमारे उपर कर्तव्य भी अधिरोपित करता है। श्री वीरेन्द्र सिंह ने इस अवसर पर डॉ बाबा साहेब अंबेडकर, डॉ राजेन्द्र प्रसाद समेत उन सभी महापुरुषों को याद किए जिनके अथक प्रयास और अनुभव से हमें हमारा संविधान प्राप्त हुआ।

# सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जशपुर जिले में मतगणना स्थल का किया निरीक्षण





-संवाददाता-
जशपुरनगर,26 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रकाश त्रिपाठी, रायपुर ने आज जशपुर में शासकीय मॉडल स्कूल जशपुर, डोडकाचौरा में बनाए गए मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी प्रकाश त्रिपाठी ने जिले के विधानसभा क्षेत्र जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव के लिए होने वाली मतगणना के लिए की जा रही तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने स्ट्रांगरूम की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने मतगणना स्थल पर सीसीटीव्ही कैमरे तथा तैनात सुरक्षा बल, मतगणना तथा डाक मतपत्रों की गणना की तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों से सुरक्षा व्यवस्था एवं आने जाने वालों के पंजी एंट्री का अवलोकन किया एवं निरंतर कड़ी निगरानी करने कहा तथा फायर ब्रिगेड एवं परिसर को साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। साथ परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने हेतु निर्देशित किया। सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी त्रिपाठी ने उम्मीदवारों व उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं को निर्वाचन आयोग से प्राप्त मतगणना संबंधी दिशा निर्देशों की जानकारी अनिवार्य रूप से देने कहा। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधाएं, गणना के लिए मतगणना सामग्री, डाक मतपत्रों की गणना, ईवीएम में दर्ज मतों की गणना, वीवीपीएटी स्लीप गणना, मतगणना की समाप्ति के बाद ईवीएम और निर्वाचन सामग्री को मुहरबंद करने और परिणाम की घोषणा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# जिला मुख्यालय बने 24 साल बीत गए,नहीं बदली सड़कों की सूरत,लोग बोले-चौड़ीकरण जरूरी

## एनएच सड़क चौड़ीकरण से पहले बिजली खंभों की शिफ्टिंग का कार्य अटका,बिजली विभाग के पास बजट नहीं

### सर्वे रिपोर्ट तैयार कर मंजूरी के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा गया था

सर्वे रिपोर्ट तैयार कर इस पर मंजूरी के लिए राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा गया था जिससे सड़क पर लगने वाली जाम से निजात मिल सके पर 30 से 40 फीट तक सड़क चौड़ीकरण से पहले बिजली खंभों की शिफ्टिंग का कार्य जरूरी है जिसमें विभागीय प्रक्रिया में काफी समय लग सकता है। बता दें कि जिला मुख्यालय में छिंदडांड से लेकर शहर की अन्य सड़कें लगातार अतिक्रमण के कारण संकरी होती गई है। कुछ लोगों की लापरवाही के कारण शहर की 90 फीसदी आबादी को जाम से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### मुख्य सड़क के किनारे 10 फीसदी दुकानें ही संचालित है

मुख्य सड़क के किनारे 10 फीसदी दुकानें ही संचालित है, सड़कों पर 5 फीट तक अवैध कब्जे से हाईवे की सड़क गली में तब्दील हो गई है। शहरवासियों का भी मानना है कि बायपास बनने के बाद शहर से आवागमन करने वाली वाहनों की संख्या ही कम हो गई है जिसका असर फिर व्यापार पर पड़ रहा है। ऐसे में अब युवा भी शहर की सड़क चौड़ीकरण के लिए आगे आ गई है। मामले में जेई केशव चंद्रा ने कहा कि शिफ्टिंग का प्रस्ताव भेजा गया है।

### सड़क पर वाहनों बढ़ता दबाव यातायात के लिए मुसीबत

सड़क पर ट्रैफिक दबाव अधिक शहर के मुख्य सड़क पर दिन रात तैनात रहने वाली ट्रैफिक पुलिस बताती है कि सड़क संकरी है। एनएच होने के कारण वाहनों की आवाजाही 24 घंटे होती है। इसमें से सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक सड़क पर वाहनों का ज्यादा दबाव रहता है। चौक चौराहों में भी जगह कम है। हालांकि बायपास बनने के बाद भारी वाहनों की संख्या में कमी आई है। हालांकि सड़क किनारे से अतिक्रमण हटाने नगर पालिका टीम समय समय पर कार्रवाई करती है।





-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,26 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

कोरिया जिला मुख्यालय में एनएच सड़क चौड़ीकरण से पहले बिजली खंभों की शिफ्टिंग जरूरी है। फरवरी 2019 में सड़क से लगे कुछ खम्भों की शिफ्टिंग की गई थी लेकिन इसके बाद हाईवे से लगे पोल बिजली विभाग ने नहीं हटाए। ओड़गी नाका से कुमार चौक के बीच 40 से अधिक खंभे हाईवे से लगे हैं जिनकी शिफ्टिंग जरूरी है। तत्कालीन कलेक्टर डोमन सिंह ने खंभो की शिफ्टिंग के लिए डीएमएफ से राशि दिए जाने की बात कही थी। जबकि जिला प्रशासन से बिजली विभाग को अब तक बजट राशि नहीं मिला। बिजली विभाग के अफसर भी बजट नहीं होने की बात कहकर खंभों की शिफ्टिंग का कार्य नहीं करवा रहे हैं जिससे आगे चौड़ीकरण में समस्या आ सकती है। बेहतर आवागमन और शहरी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए जिला प्रशासन ने 13 दिसंबर 2022 को खरवत चौक से जमगहना तक 13 किमी सड़क चौड़ीकरण के लिए नाप-जोख शुरू करवाया था, इस के बाद फिर इस ओर कोई पहल नहीं हुआ जिस वजह से आज तक सड़क चौड़ीकरण नहीं हो पाया।

### पोल शिफ्टिंग को चौड़ी करण में रुकावट नहीं बोल सकते



मामले में सीएसपीडीसीएल के एसई रमेश ठाकुर ने कहा कि पोल शिफ्टिंग को चौड़ी करण में रुकावट नहीं बोल सकते, बिजली विभाग के पास ऐसा प्रस्ताव या पत्र नहीं आया है। यदि शिफ्टिंग जरूरी है तो प्रस्ताव मिलने के बाद संबंधित विभाग को डिमांड राशि का भुगतान करना होगा। इसके बाद शहर में हाइवे किनारे से खम्भों की शिफ्टिंग करवाई जा सकती है।

### चौड़ीकरण जरूरी



शहर के अनुराग दुबे ने कहा कि चौड़ीकरण जरूरी है। बायपास तो हर शहर में होती है लेकिन मुख्य मार्ग से जाम की समस्या से निपटना जरूरी है। सरकार चाहे किसी की भी हो चौड़ीकरण का मुद्दा सबसे प्रमुख मांग है। सड़क चौड़ी होती है तो इससे शहर का विकास होगा। लोगों को जाम से राहत मिलेगी।



## केंदई रेंज में हाथियों के लगातार उत्पात मचाए जाने से ग्रामीण भयभीत,फसलों को भी किया नुकसान

-संवाददाता-
कोरबा,26 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।


जिले में हाथियों का उत्पात कम होने का नाम ही नही ले रहा है। जिले के वन मंडल कटघोरा के केंदई रेंज में लगभग 59 हाथियो का दल बीती रात उत्पात मचाते हुए झिनपुरी तथा खुरूपारा में अनेक ग्रामीणों की फसल को बुरी तरह रौंद दिया । जबकि बीजाडाड क्षेत्र में अकेले घूम रहे दंतैल ने आधी रात को पोड़ी खुर्द बस्ती में घुसकर दूबे राम पिता हिरावन सिंह नामक एक ग्रामीण के घर को ढहा दिया । दंतैल द्वारा घर ढहाए जाने से दूबे राम के परिवार में अफरा-तफरी मच गया। वहीं सो रहे ग्रामीण किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाए । यहां उत्पात मचाने के बाद दंतैल ने जंगल का रुख किया । सुबह होने पर पीड़ित ग्रामीण द्वारा इसकी सूचना वन विभाग को दी गई, जिस पर वन अमला मौके पर पहुंचा और नुकसानी का आकलन करने के साथ रिपोर्ट तैयार की, जिसे वरिष्ठ अधिकारियों को मुआवजा प्रकरण बनाने के लिए सौंपा जाएगा। बताया जा रहा है के हाथियो का दल सिरमिना क्षेत्र से पहुंचा है हाथियो ने यहां पहुंचते ही उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। हाथियो ने खेतो में पहुंचकर कई ग्रामीणों की फसल को रौंद दिया है। जिसका सर्वे वन विभाग द्वारा किया जा रहा है। इससे पहले हाथियो ने रास्ते में झिनपुरी में भी ग्रामीणों की फसल को रौंद कर उन्हें लंबा चपत लगाया है। केंदई रेंज में हाथियो की लगातार मौजूदगी तथा उत्पात मचाए जाने से ग्रामीणों के साथ -साथ वन विभाग का अमला भी काफी परेशान है।

## दीपका क्षेत्रांतर्गत डीजल चोर 315 लीटर डीजल के साथ चढ़ा पुलिस के हत्थे

-संवाददाता-
कोरबा,26 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।



जिले के दीपका क्षेत्र एस.ई.सी.एल. गेवरा प्रोजेक्ट के सुरक्षा उप निरीक्षक नंदलाल राय पिता सहदेव राय उम्र 58 वर्ष साकिन एमक्यू 30 ऊर्जा नगर का थाना आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि एस.ई.सी.एल. गेवरा खदान के बी-2 कोल स्टाक में लगे पीसी मशीन से लगभग 350 लीटर डीजल चोरी कर बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 12 बीडी 7191 के चालक द्वारा चोरी कर लिया गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना दीपका मे अपराध क्रमांक 400/2023 धारा 379 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । मामले की जानकारी तत्काल पुलिस अधीक्षक कोरबा जितेंद्र शुक्ला (भा0पु0से0), अति0 पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रॉबिनसन गुडिया को प्रकरण के हालात से अवगत कराकर एंव दिशा निर्देश मार्गदर्शन प्राप्त कर हमराह स्टाफ एवं प्रार्थी एवं गवाह को लेकर बोलेरो क्रमांक सीजी 12 बीडी 7191 को तलाश करते हुए आरोपी वाहन स्वामी अरविंद के सकुनत ग्राम कोरई थाना बांकीमोंगरा पहुंचे । तब वाहन स्वामी पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करते हुए अपने एक अन्य साथी आरोपी नाजीर खान उर्फ टोबो के साथ मिलकर डीजल चोरी करना स्वीकार करने पर आरोपी के पेश करने पर घटना में प्रयुक्त बोलेरो क्रमांक सीजी 12 बीडी-7191 एवं 04 जरकन में लगभग 140 लीटर डीजल एवं डीजल निकालने का पाईप जप्त किया गया है। आरोपी को हिरासत में लेकर उसके साथी आरोपी नाजीन खान उर्फ टोबो को ग्राम नोनबिर्रा जाकर आरोपी के मेमोरण्डम कथन के मुताबिक 5 जरीकेन में लगभग 175 लीटर डीजल जप्त किया गया ।कूल जुमला 315 लीटर डीजल कीमती लगभग 31500 रुपये एवं घटना में प्रयुक्त बोलेरो क्रमांक सीजी 12 बीडी- 7191 आरोपियों से जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध धारा सदर का अपराध सबूत पाये जाने से आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।



## महिला सीनियर कबड्डी का चयन

-संवाददाता-
खड़गवां,26 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले के समस्त महिला सीनियर कबड्डी खिलाड़ियों को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के द्वारा 23वीं सीनियर कबड्डी (महिला) चैंपियनशिप 2023 दिनांक 5/12/2023 से पेंड्रा में आयोजित हो रही है।एमसीबी जिले की टीम भी इस कबड्डी चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी।एमसीबी जिले की टीम चयन की जानी है। आप सभी खिलाड़ियों से आग्रह है कि दिनांक 28/11/2023 को प्रातः 11 बजे से झगराखंड में चयन मैच होना है। चयन प्रक्रिया मे भाग लेकर एमसीबी टीम की हिस्सा बने। संघ के सचिव जीतेन्द्र सिंह ने बताया कि चयन पश्चात खिलाड़ी एक साथ मिलकर अभ्यास करेगें।

## छात्र-छात्राओं,अधिकारी-कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का किया पाठन



-संवाददाता-
जशपुरनगर,26 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

संविधान दिवस 26 नवम्बर के अवसर पर आज जिला कलेक्टोरेट के मंत्रणा सभाकक्ष में भारतीय संविधान की प्रस्तावना (उद्देशिका) का पाठन किया गया। न्यायाधीश जेएमएफसी अनिल चौहान ने स्कूल एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, अधिकारी-कर्मचारियों को संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलायी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एमके राव ने संविधान की संक्षिप्त जानकारी व महत्व पर प्रकाश डाला। सीजेएम डी चौहान ने कहा कि हम सभी को संविधान का सम्मान करना है क्योंकि संविधान ने हमको अधिकार दिया है। परिवार न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश श्रीमती गीता नवारे ने संविधान की जानकारी दी। उन्होंने संविधान में प्रदत्त अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश देते हुए कहा कि भारतीय संविधान में सामाजिक, आर्थिक न्याय, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म एवं समता आदि के अधिकार प्रदान किए गए हैं। हमें राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध रहना चाहिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर आई एल ठाकुर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग पीसी लहरे, जिला सेवा विधि प्राधिकरण एवं कलेक्ट्रेट के अधिकारी कर्मचारी एवं कन्या महाविद्यालय, स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम जशपुर के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस दौरान मंच का संचालन जयेश सौरभ टोपनो के द्वारा किया गया।

## संविधान दिवस पर अधिकारी-कर्मचारियों ने पढ़ी संविधान की प्रस्तावना



-संवाददाता-
कोरबा,26 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

भारतीय संविधान को अंगीकृत करने के दिन 26 नवम्बर को हर साल संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकृत किया था। कलेक्टोरेट परिसर में भी आज संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री अवध सिंह राणा सहित अधिकारी कर्मचारियों ने संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके कलेक्टर कार्यालय के उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने संविधान की उद्देशिका का पाठन किया। सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने संविधान की मूल भावना के अनुरूप जनहित में काम करने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर श्री राणा ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में संविधान निर्माताओं ने सभी वर्गों की भावनाओं और जन अपेक्षाओं को भारतीय संविधान में समाहित किया है। इससे सशक्त राष्ट्र निर्माण करने की नींव मजबूत हुई है। उन्होंने नागरिकों से संविधान की मूल भावना को जीवन में आत्मसात करने की अपील की। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क अधिकारी कमल ज्योति, अधीक्षक कलेक्ट्रेट के एस कंवर, अशोक कुमार कैवर्त्य,मंजू शर्मा,रामजी कंवर, तेजराम चंद्रा, सनत राठौर, रमन छेदाम, कृष्णा यादव, बसंत कुमार भी उपस्थित थे।

## लोक निर्माण विभाग उप अभियंता और पशु चिकित्सा सहायक शल्य निलंबित

-संवाददाता-
जशपुरनगर 26 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. रवि मित्तल ने सेक्टर अधिकारी लेयोस तिर्की, उप अभियंता, लोक निर्माण विभाग कांसाबेल एवं सेक्टर ऑफिसर जेम्स मिंज, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ कांसाबेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

विदित हो कि कार्यालयीन आदेश के तहत् लेयोस तिर्की, उप अभियंता, लोक निर्माण विभाग कांसाबेल को सेक्टर क्रमांक 03 बटईकेला का सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 14 पत्थलगांव के द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि सेक्टर अधिकारी लेयोस तिर्की, उप अभियंता, लोक निर्माण विभाग कांसाबेल के द्वारा मतदान दिवस 17 नवंबर को मतदान स्थल में जन मानस एवं जनप्रतिनिधियों से अशोभनीय व्यवहार एवं गाली गलौज तथा अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया गया, जिससे लॉ एन्ड आर्डर की स्थिति उत्पन्न हुई, जिसके लिए सेक्टर अधिकारी स्वयं उत्तरदायी हैं। साथ ही मतदान होने के पश्चात् मतदान दल सहित सेक्टर अधिकारी द्वारा सरपंच, जनप्रतिनिधि के साथ बैठकर भोजन, खाना खाया गया। सामग्री वापसी स्थल में समय 2.30 बजे प्रातः उपस्थित हुए। इन्हीं सभी कारणों से रिपोर्टिंग एवं सामग्री वापसी में विलंब होने के कारण चुनाव कार्य प्रभावित हुआ।

लेयोस मिंज के उक्त कृत्य से ऐसा प्रतीत होता है कि इनके द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठापूर्वक नहीं किया गया है। उक्त कृत्य अपने कर्तव्यों के प्रति उदासीनता का द्योतक एवं कदाचार की श्रेणी में आता है तथा छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3, नियम 3 (क) के प्रतिकूल है। अतएव श्री लेयोस तिर्की, उप अभियंता, लोक निर्माण विभाग कांसाबेल को छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के नियम 9 के तहत् तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग जशपुर नियत किया जाता है। लेयोस तिर्की, उप अभियंता, लोक निर्माण विभाग कांसाबेल को निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।



# फिर आमने-सामने होंगे भारत-पाकिस्तान

**» बीसीसीआई ने किया टीम इंडिया का ऐलान;इस खिलाड़ी को मिली कमान**

**नई दिल्ली,26 नवंबर 2023।** जूनियर क्रिकेट कमेटी ने आगामी एसीसी पुरुष अंडर-19 एशिया कप 2023 में खेलने के लिए उदय सहारन को भारत की अंडर-19 टीम का कप्तान चुना है। टूर्नामेंट 8-17 दिसंबर तक संयुक्त अरब अमीरात में खेला जाएगा। भारत प्रतियोगिता में गत चैंपियन के रूप में उतरता है और आठ बार ट्रॉफी जीतकर टूर्नामेंट में सबसे सफल टीम भी है। सहारन के नेतृत्व वाली अंडर19 टीम में 15 सदस्य होंगे, जिसमें सौम्य कुमार पांडे उप-कप्तान और अरावली अवनीश राव विकेटकीपर होंगे।

टीम में रुद्र मयूर पटेल और सचिन धास भी हैं, जो मौजूदा अंडर19 चतुष्कोणीय श्रृंखला में शीर्ष रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, साथ ही मुशीर खान और नमन तिवारी जैसे प्रमुख विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं। चतुष्कोणीय श्रृंखला में इंग्लैंड और बांग्लादेश की टीमें भी शामिल हैं और यह 27 नवंबर को आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में समाप्त होगी। टीम में प्रेम देवकर, अंश गोसाई और मोहम्मद अमान के रूप में तीन यात्रा करने वाले स्टैंडबाय खिलाड़ी भी होंगे। चयन समिति ने दिग्विजय पाटिल, जयंत गोयत, पी विग्नेश और किरण चोरमले के रूप में चार अतिरिक्त रिजर्व खिलाड़ियों को भी नामित किया है। हालाँकि, रिजर्व खिलाड़ी दौरे वाले दल का हिस्सा नहीं होंगे।

एसीसी पुरुष अंडर19 एशिया कप 2023 में, भारत क्रमशः 8, 10 और 12 दिसंबर को अफगानिस्तान, पाकिस्तान और




नेपाल के खिलाफ लीग चरण के मैच खेलेगा, जिसमें आईसीसी अकादमी ओवल 1 और 2 स्थान होंगे।

सेमीफाइनल 15 दिसंबर को क्रमशः आईसीसी अकादमी ओवल 1 और दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में होगा, जबकि फाइनल 17 दिसंबर को होगा।

**भारत अंडर19 टीम:** अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धस, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, उदय सहारन (कप्तान), अरवेल्ली अवनीश राव (विकेटकीपर), सौम्य कुमार पांडे (उपकप्तान), मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन (विकेटकीपर), धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिम्बानी और नमन तिवारी। ट्रैवलिंग स्टैंड-बाय खिलाड़ीः प्रेम देवकर, अंश गोसाई और मोहम्मद अमान

**रिजर्व खिलाड़ीः** दिग्विजय पाटिल, जयंत गोयत, पी विग्नेश और किरण चोरमले

## मेहुली,अभिनव,सरबजोत,पलक ने शूटिंग नेशनल में जीत हासिल की

**नई दिल्ली ,26 नवंबर 2023।** विभिन्न शहरों में चल रही 66वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप प्रतियोगिता (एन एससीसी) में आज मिश्रित टीम दिवस था। नई दिल्ली के कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में, जहां राइफल स्पर्धाएं हो रही हैं, पश्चिम बंगाल की मेहुली घोष और अभिनव शॉ ने 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम का खिताब जीता, जबकि पिस्टल स्पर्धाओं की मेजबानी करने वाले भोपाल स्थित एमपी राज्य शूटिंग अकादमी रेंज में, सरबजोत सिंह और पलक ने हरियाणा के लिए मिश्रित टीम एयर पिस्टल का ताज जीता।मेहुली और अभिनव अपने स्वर्ण पदक मैच में डेरियस सौरास्त्री और तिलोत्तमा सेन की कर्नाटक जोड़ी पर 16-6 से विजेता रहे। बंगाल की जोड़ी ने 27-टीम क्वालिफिकेशन राउंड में 633 के संयुक्त स्कोर के साथ शीर्ष



स्थान हासिल किया था, जबकि कर्नाटक की जोड़ी 631.3 के साथ दूसरे स्थान पर रही थी। तमिलनाडु के आर.नर्मदा और कार्तिक सबरी राज ने कांस्य पदक जीता।भोपाल में, सरबजोत और पलक को फाइनल में कड़ा मुकाबला करना पड़ा और उन्होंने राजस्थान की अंजलि और अभिनव चौधरी को 16-14 से हराया। इसके बाद वे 576 के स्कोर के साथ राजस्थान की जोड़ी के बाद दूसरे स्थान पर रहे। अंजलि और अभिनव ने 578 के साथ क्वालीफायर में शीर्ष स्थान हासिल किया था। एसएसबी के विक्रम और योगिता कांस्य पदक के विजेता थे।

# उदय सहारन भारत की अंडर 19 टीम के कप्तान नियुक्त

**नई दिल्ली,26 नवंबर 2023।** जूनियर क्रिकेट कमेटी ने आगामी एसीसी पुरुष अंडर-19 एशिया कप 2023 में खेलने के लिए उदय सहारन को भारत की अंडर-19 टीम का कप्तान चुना है। टूर्नामेंट 8-17 दिसंबर तक संयुक्त अरब अमीरात में खेला जाएगा।

भारत प्रतियोगिता में गत चैंपियन के रूप में उतरता है और आठ बार ट्रॉफी जीतकर टूर्नामेंट में सबसे सफल टीम भी है। सहारन के नेतृत्व वाली अंडर19 टीम में 15 सदस्य होंगे, जिसमें सौम्य कुमार पांडे उप-कप्तान और अरावली अवनीश राव विकेटकीपर होंगे।

टीम में रुद्र मयूर पटेल और सचिन धास भी हैं, जो मौजूदा अंडर19 चतुष्कोणीय श्रृंखला में शीर्ष रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, साथ ही मुशीर खान और नमन तिवारी जैसे प्रमुख विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं। चतुष्कोणीय श्रृंखला में इंग्लैंड और बांग्लादेश की टीमें भी शामिल हैं और यह 27 नवंबर को आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में समाप्त होगी। टीम में प्रेम देवकर, अंश गोसाई और मोहम्मद अमान के रूप में तीन यात्रा करने वाले स्टैंडबाय खिलाड़ी भी होंगे। चयन समिति ने दिग्विजय




पाटिल, जयंत गोयत, पी विग्नेश और किरण चोरमले के रूप में चार अतिरिक्त रिजर्व खिलाड़ियों को भी नामित किया है। हालाँकि, रिजर्व खिलाड़ी दौरे वाले दल का हिस्सा नहीं होंगे।

एसीसी पुरुष अंडर19 एशिया कप 2023 में, भारत क्रमशः 8, 10 और 12 दिसंबर को अफगानिस्तान, पाकिस्तान और नेपाल के खिलाफ लीग चरण के मैच खेलेगा, जिसमें आईसीसी अकादमी ओवल 1 और 2 स्थान होंगे।

सेमीफाइनल 15 दिसंबर को क्रमशः आईसीसी अकादमी ओवल 1 और दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में होगा, जबकि फाइनल 17 दिसंबर को होगा।

भारत अंडर19 टीमः अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धस, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, उदय सहारन (कप्तान), अरवेल्ली अवनीश राव (विकेटकीपर), सौम्य कुमार पांडे (उपकप्तान), मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन (विकेटकीपर), धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिम्बानी और नमन तिवारी।

ट्रैवलिंग स्टैंड-बाय खिलाड़ीः प्रेम देवकर, अंश गोसाई और मोहम्मद अमान

रिजर्व खिलाड़ी दिग्विजय पाटिल, जयंत गोयत, पी विग्नेश और किरण चोरमले हैं।

# आईपीएल 2024 की तैयारी हुई शुरू

**» शाहरुख की टीम ने शार्दुल ठाकुर को किया रिलीज,**

**» पृथ्वी शॉ दिल्ली कैपिटल्स में बने रहेंगे**

**नई दिल्ली ,26 नवंबर 2023।** इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। इस वर्ष दुबई में आईपीएल 2024 के लिए नीलामी की जाएगी। इस नीलामी प्रक्रिया में सभी 10 टीमें जुट गई है। वहीं बीसीसीआई ने आईपीएल की सभी टीमों से रिटेंशन लिस्ट भी मांगी है। रिटेंशन लिस्ट देने की डेड लाइन 26 नवंबर की है। खिलाड़ियों की रिटेंशन को लेकर नई जानकारी सामने आई है।

### केकेआर ने स्टार प्लेयर किया रिलीज

सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ को दिल्ली कैपिटल्स बरकरार रख रही है। यानी आगामी आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स से ही पृथ्वी शॉ खेलते हुए नजर आएंगे। बता दें कि कुछ समय पहले काउंटी क्रिकेट खेलने के दौरान पृथ्वी का घुटना चोटिल हो गया था। वहीं बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स यानी कर ने स्टार ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को रिलीज कर दिया है। 2023 आईपीएल के लिए कोलकाता ने शार्दुल को 10.75 करोड रुपए में




खरीदा था। शार्दुल को रिलीज करने के बाद कोलकाता के पास 10.75 करोड रुपए और जमा हो गए हैं। बताने की शार्दुल वर्ल्ड कप में भारतीय टीम का हिस्सा थे और उन्होंने तीन वर्ल्ड कप मैच भी खेले।

### दिल्ली को शार्दुल पर भरोसा

दिल्ली कैपिटल्स के की कोचर की पोंटिंग और टीम के निर्देशक सौरव गांगुली शार्दुल ठाकुर को टीम में रखने की इच्छुक हैं। दोनों दिग्गज खिलाड़ियों को पृथ्वी शॉ की क्षमताओं और उनके टैलेंट पर पूरा भरोसा है। यही कारण है कि चोटिल होने के बाद भी शार्दुल को रिलीज नहीं किया गया है। आईपीएल 2024 के शुरू होने तक शार्दुल पूरी तरह से फिट हो जाएंगे। दिल्ली कैपिटल्स इससे पहले सरफराज खान और बल्लेबाज मनीष पांडे को रिलीज कर चुकी है।

### रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने किया यह बदलाव

वही रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम ने भी बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज शाहबाज अहमद के बदले सनराइजर्स हैदराबाद से मयंक डागर को ट्रेड किया है। यानी इस ट्रेड के बाद शाहाबाद सनराइजर्स हैदराबाद से जबकि मयंक रॉयल चैलेंज बैंगलोर के लिए खेलते दिखाई देंगे। वहीं इंग्लैंड की टीम के पूर्व कप्तान जो रूट जो अब तक राजस्थान रॉयल्स से खेलते हुए नजर आते थे आगामी आईपीएल में हिस्सा नहीं लेंगे। वही इस आईपीएल का सबसे बड़ा ट्रेड गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच हुआ है। रिपोर्ट्स के अनुसार हार्दिक पांड्या फिर से मुंबई इंडियंस का हिस्सा बनने जा रहे हैं। गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच 15 करोड रुपए में यह डील हुई है।

# वर्ल्ड कप 2023 के बाद टीम इंडिया में होगा बड़ा बदलाव

### हेड कोच के पद से राहुल द्रविड़ की छुट्टी होना तय

**नई दिल्ली,26 नवंबर 2023।** भारत में खेले गए विश्व कप 2023 में हर के बाद अब हेड कोच को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। भारतीय टीम के हेड कोच को लेकर लगातार चर्चाएं जारी हैं। इसी बीच माना जा रहा है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के शीर्ष अधिकारियों ने राहुल द्रविड़ से हेड कोच के तौर पर उनकी भूमिका की संभावनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की है। आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप के फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत को 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद भारतीय टीम का तीसरी बार विश्व चैंपियन बनने का सपना टूट गया था। वर्ल्ड कप के बाद हेड कोच राहुल द्रविड़ का कॉन्ट्रैक्ट भी खत्म हो गया है। अब देखना है कि यह कॉन्ट्रैक्ट आगे बढ़ता है या हेड कोच की जिम्मेदारी किसी अन्य दिग्गज को सौंपी जाती है। संभावना है कि राहुल द्रविड़ का कार्यकाल आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। माना जा रहा है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड हेड कोच के लिए किसी अन्य नाम पर विचार कर रहा है। हेड कोच की जिम्मेदारी अब राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के निदेशक वीवीएस लक्ष्मण को सौंप जा सकती है। बता दें कि भारतीय टीम के वर्तमान हेड कोच के तौर पर राहुल द्रविड़ का कार्यकाल 2 साल का था जो विश्व कप के फाइनल मैच के दिन खत्म हो चुका है। राहुल द्रविड़ का कार्यकाल खत्म होने के बाद उनके कार्यकाल को लेकर लगातार चर्चा हो रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार बीसीसीआई के अधिकारी का कहना है कि राहुल और बीसीसीआई



अधिकारियों के बीच वर्तमान स्थिति को लेकर चर्चा हुई है। सबको लगता है कि टी 20 विश्व कप में 7 से 8 महीना का समय है ऐसे में नए कोच के पास टीम बनाने और प्रक्रिया तय करने का समय होगा। यहां तक की राहुल द्रविड़ भी इस प्रक्रिया से इत्तेफाक रखते हैं। भारतीय टीम के हेड कोच को लेकर जो भी फैसला लिया जाएगा उससे पहले सभी पहलुओं पर गहनता के साथ विचार विमर्श होगा।

आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप में मौजूदा कोच और कप्तान के संयोजन को लेकर चर्चा की जा रही है जिसे लेकर जल्द ही फैसला स्पष्ट हो सकता है। हालांकि बोर्ड ने यह साफ कर दिया है कि बीते दो वर्षों के दौरान कोच और कप्तान दोनों ने मिलकर जिस तरह काम किया वह काफी अच्छा प्रदर्शन था। भले ही भारतीय टीम आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत सकी लेकिन पूरी टीम का प्रदर्शन बेहद शानदार रहा। राहुल द्रविड़ की कोचिंग में और रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में ज्ञ20 वर्ल्ड कप 2022 के फाइनल में, इंग्लैंड में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023 के फाइनल में, आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में पहुंचने में सफल रही। इससे पहले भारतीय टीम ने सितंबर में कोलंबो में श्रीलंका को 10 विकेट से हराकर एशिया कप पर भी कब्जा किया था।

### वीवीएस लक्ष्मण हो सकते हैं नए हेड कोच

राहुल द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त होने के बाद माना जा रहा है कि वीवीएस लक्ष्मण को भारतीय टीम का हेड कोच बनाया जा सकता है। हालांकि वर्तमान में बीसीसीआई ने अपने सभी ऑप्शंस को खुला रखा है। इस मामले पर अभी तक कोई अधिकार एक फैसला या बयान सामने नहीं आया है। वीवीएस लक्ष्मण की बात करें तो वह टीम खिलाड़ियों और ट्रेनिंग के तरीकों से वाकिफ है। वीवीएस लक्ष्मण को टीम के साथ काम करने का अनुभव भी है।

## हार्दिक पांड्या को शायद लगता है कि उनका समय पूरा हो गया है और अब वापस मुंबई इंडियंस लौट जाएं:एबी डिविलियर्स

**नई दिल्ली,26 नवंबर 2023।**दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का मानना है कि हार्दिक पांड्या के आईपीएल 2024 रिटेंशन से पहले गुजरात टाइटन्स से मुंबई इंडियंस में जाने की अटकलें लगाई जा रही हैं, क्योंकि ऑलराउंडर को लगा होगा कि नव-निर्मित फ्रेंचाइजी में उनका समय खत्म हो गया है।

डिविलियर्स ने भविष्य में हार्दिक के मुंबई की कप्तानी करने की भी भविष्यवाणी की है, जिसमें रोहित शर्मा भारत के सभी प्रारूपों के कप्तान होने की जिम्मेदारी निभाएंगे। पिछले कुछ दिनों से, हार्दिक के मुंबई वापस जाने की अटकलें तेज हो गई हैं, जहां से उन्होंने 2015 में अपने आईपीएल करियर की शुरुआत की थी।

एक अनकैप्ड खिलाड़ी से, हार्दिक एक तेज़ गेंदबाज़ी ऑलराउंडर के रूप में मुंबई टीम के महत्वपूर्ण सदस्य बन गए, सभी प्रारूपों में इंडिया कैप अर्जित की और 2015, 2017, 2019 और 2020 में उनके आईपीएल खिताब जीतने वाले सीज़न के सदस्य थे।

आईपीएल 2022 की मेगा नीलामी से पहले मुंबई ने उन्हें रिलीज़ कर दिया और वह गुजरात फ्रेंचाइजी के



कप्तान बन गए, जिससे उन्हें 2022 में अपने पहले सीज़न में खिताब मिला, राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच बने और 2023 में उन्हें उपविजेता बनाया।

मुझे नहीं पता कि इससे उन्हें थोड़ा सिरदर्द होगा कि कप्तान कौन बनेगा। मेरा मतलब है, रोहित कप्तान हैं और उन्हें आगे बढ़कर नेतृत्व करना पसंद है। यह रोमांचक है क्योंकि वह (हार्दिक) कई वर्षों तक मुंबई इंडियंस के लिए एक बड़ा खिलाड़ी था। उन्हें वानखेड़े स्टेडियम में खेलना पसंद था। उन्होंने गुजरात टाइटंस के साथ ट्रॉफी जीती और फिर (2023 सीज़न के) फाइनल में भी पहुंचे।

डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, उन्हें शायद लगता है कि उनका समय पूरा हो गया है और अब वह मुंबई इंडियंस में वापस आ गए हैं। मुझे अजीब लग रहा है कि रोहित उन्हें (हार्दिक को) कप्तानी करने देंगे और बागडोर अपने हाथ में लेने देंगे, क्योंकि रोहित पर टीम इंडिया की कप्तानी करने का बहुत दबाव है। शायद यही कदम होगा, लेकिन देखते हैं क्या होता है।

डिविलियर्स, जिन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए तूफानी 360-डिग्री पारी खेलने की आईपीएल विरासत को मजबूत किया, को लगता है कि उनकी पूर्व टीम, एंडी फ्लावर के रूप में एक नए मुख्य कोच के साथ, तेज गेंदबाज हर्षल पटेल और लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा को जाने दे सकती है।



## फुटबॉल की तरह क्रिकेट में भी ट्रांसफर फीस का पहला संकेत?

### हार्दिक पांड्या की ट्रेडिंग पर बोले माइकल वॉन

**नई दिल्ली,26 नवंबर 2023।** इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर से कमेंटेटर बने माइकल वॉन ने हार्दिक पांड्या के 15 करोड़ रुपये (लगभग 1.8 मिलियन डॉलर) में अपने पुराने घर मुंबई इंडियंस में लौटने की अफवाहों के बीच कहा, फुटबॉल की तरह क्रिकेट में ट्रांसफर फीस का यह पहला संकेत है।

आईपीएल 2024 का रिटेंशन और ट्रेडिंग प्रक्रिया में है और समय सीमा 26 नवंबर को भारतीय समयानुसार शाम 4 बजे समाप्त हो रही है।

वॉन ने एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा, हार्दिक पांड्या मुंबई वापस चले गए .. यह स्पष्ट रूप से हो रहा है .. फुटबॉल की तरह क्रिकेट में ट्रांसफर फीस का पहला संकेत !!?? यह अपरिहार्य है कि यह जल्द ही होगा.. टाटा आईपीएल।

इससे पहले ईएसपीएनक्रिकइंफो ने बताया था कि यह सौदा पूरी तरह से नकद में होगा, जिसमें मुंबई को हार्दिक के वेतन के रूप में 15 करोड़ रुपये (लगभग 1.8 मिलियन डॉलर) और टाइटन्स को एक अज्ञात हस्तांतरण शुल्क का भुगतान करना होगा। हार्दिक को ट्रांसफर शुल्क का 50 प्रतिशत तक लाभ मिलता है।

मुंबई इंडियंस (एमआई) ने जोफ्रा आर्चर और कैमरून ग्रीन को रिलीज़ करने का फैसला किया है, जिन्हें हार्दिक पांड्या के साथ डील करने के लिए क्रमशः 17.5 करोड़ रुपये और 8 करोड़ रुपये में साइन किया गया था। क्रिकबज ने पांच बार के चैंपियन के संबंध में विकास की पुष्टि की है, जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास में सबसे बड़ा व्यापार सौदा पूरा करने के लिए तैयार हैं।

हालाँकि, बढ़ती अफवाहों के बाद गुजरात टाइटंस से जुड़े एक सूत्र ने दावा किया है कि वे दो शानदार सीज़न के बाद हार्दिक को खोने का जोखिम नहीं उठा सकते। अगर यह डील हो जाती है तो यह संभवतः आईपीएल इतिहास की सबसे बड़ी खिलाड़ी खरीद-फरोख्त होगी। हालाँकि किसी भी फ्रेंचाइजी ने अभी तक व्यापार पर कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं की है।

# कांतारा प्रीक्वल का नाम रखा गया कांतारा:चैप्टर 1




ऋषभ शेट्टी स्टारर फिल्म कांतारा के प्रीक्वल का नाम कांतारा : चैप्टर 1 रखा गया है और इसका पहला लुक 27 नवंबर को जारी किया जाएगा, जिसके बाद इसकी शूटिंग शुरू होगी।

फिल्म का निर्माण पिछले उद्यम की तरह होम्बले फिल्म्स द्वारा किया जाएगा, और आधिकारिक तौर पर फिल्म की घोषणा करते हुए, निर्देशक और प्रोडक्शन हाउस दोनों ने सोशल मीडिया पर फिल्म के एक पोस्टर का अनावरण किया।

ऋषभ ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्टर का अनावरण करते हुए लिखा, पहला लुक 27 नवंबर को दोपहर 12:25 बजे जारी किया जाएगा।

इसकी शुरुआत एक भव्य मुहूर्त पूजा से होगी, जिसमें फिल्म के लिए विशाल सेट का निर्माण किया जाएगा, जहां ऋषभ शेट्टी, निर्माता विजय किरागांदूर और अन्य कलाकार और क्रू मौजूद रहेंगे।

समारोह के बाद, निर्माता दिसंबर में फिल्म के लिए मुख्य फोटोग्राफी शुरू करेंगे, और बाकी कलाकारों की घोषणा उचित समय पर की जाएगी।

## पेशे से एक्ट्रेस सलोनी बत्रा? फिल्म एनिमल में रणबीर कपूर की बहन के किरदार में आएंगी नजर

संदीप रेड्डी वांगा की डायरेक्शन और रणबीर कपूर स्टारर एक्शन क्राइम थिलर फिल्म 'एनिमल' इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है. इस फिल्म में रणबीर कपूर, बॉबी देओल, अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, सुरेश ओबेरॉय और सलोनी बत्रा समेत कई कलाकारों ने अहम रोल प्ले किया है. एनिमल की ज्यादातर स्टारकास्ट काफी फेमस है लेकिन फिल्म में रणबीर की बहन रीत का किरदार निभाने वाली सलोनी के बारे में शायद ही आप जानते होंगे. चलिए आज इस रिपोर्ट में हम आपको बताते हैं कि 'एनिमल' में रणबीर कपूर की बहन बनीं सलोनी बत्रा कौन हैं और वे कैसे इस फिल्म के लिए कास्ट की गई? 'एनिमल' में सलोनी का किरदार बेहद दिलचस्प है हाल ही में रिलीज हुए फिल्म के ट्रेलर में उनकी झलक भी मिली थी जिसके बाद उन्हें लेकर चर्चा शुरू हो गई है. बता दें कि सलोनी बत्रा पेशे से एक एक्ट्रेस हैं और उनके नाम कई प्रोजेक्ट्स हैं. उन्होंने अपनी दमदार अदाकारी से साबित किया है कि वे काफी टैलेंटेज हैं लेकिन उन्हें अब तक उनके काम के मुताबिक पहचान नहीं मिली है. हालांकि एनिमल जैसी बड़ी फिल्म में काम करने के बाद उम्मीद है कि सलोनी



को भी पहचान मिलेगी.

सलोनी बत्रा का जन्म नई दिल्ली में हुआ था और उन्होंने अपनी ग्रेजुएशन की पढ़ाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, चेन्नई, तमिलनाडु से की है.उन्होंने डिजाइनर मालिनी अग्रवाल के साथ मलागा में लीड स्टाइलिस्ट के रूप में भी काम किया. सलोनी ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत 2013 में द अननेम्ड क्राइम नाम की शॉर्ट फिल्म से की थी. इसके बाद उन्होंने टेलीविजन की ओर रुख किया और सिटकॉम लाइफ सही है के तीन एपिसोड में दिखाई दीं. उन्होंने लव एट फर्स्ट साइट नाम की शॉर्ट फिल्म भी की थी. वहीं 'एनिमल' की बात करें तो फिल्म को लेकर काफी बज है. हाल ही में इस फिल्म की ट्रेलर रिलीज किया गया था जिसे देखकर लोगों को रौंगटे खड़े हो गए हैं. रणबीर कपूर से लेकर अनिल और बॉबी ने अपनी परफॉर्मेंस की झलक भर से लोगों को काफी इंप्रेस कर दिया है ऐसे में अब हर कोई 'एनिमल' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहा है. बता दें कि संदीप रेड्डी वांगा की ये फिल्म सिनेमाघरों में एक दिसंबर को दस्तक देगी

## एनिमल में बॉबी देओल नहीं बोलेंगे एक भी शब्द,कुछ ऐसा होगा किरदार

बॉबी देओल इन दिनों अपनी आगामी फिल्म एनिमल को लेकर जबरदस्त चर्चा में हैं।अभिनेता फिल्म में ऐसा किरदार निभाते नजर आएंगे, जिसमें पहले कभी उनको नहीं देखा गया हैं। इसमें उनकी भिड़ंत रणबीर कपूर से होगी।अब बॉबी के किरदार से जुड़ी एक अहम जानकारी सामने आई है।खबर है कि एनिमल में बॉबी एक भी शब्द नहीं बोलते नजर आएंगे। अभिनेता का किरदार मूक व्यक्ति का होगा। वह बिना बोले ही अपना किरदार निभाएंगे।



रिपोर्ट के मुताबिक, एनिमल में बॉबी का किरदार खौफनाक होगा। इसकी झलक हमें टीजर में देखने को मिल चुकी है।भारतीय सिनेमा में अब तक साइको और पागल किस्म के कई खूंखास विलन को देखा गया है। हालांकि, अब पहली बार बॉलीवुड में बॉबी एक मूक विलन का किरदार निभाएंगे। एनिमल का ट्रेलर 23 नवंबर जारी किया गया और यह फिल्म 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।

एनिमल के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा है, जिन्होंने पहले अर्जुन रेड्डी जैसी हिट दक्षिण भारतीय फिल्म दी और फिर इसका हिंदी रीमेक कबीर सिंह बनाकर वह बॉलीवुड में भी रातों-रात मशहूर हो गए।

एक्शन क्राइम ड्रामा फिल्म एनिमल टी-सीरीज के बैनर तले बनी है। हैं।100 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म की घोषणा 2020 में हुई थी।यह 1 दिसंबर को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी। इसी दिन विक्की कौशल की फिल्म सैम बहादुर भी आ रही है।

# दोनों सरकारों ने किया है सस्ता सिलेण्डर का वादा

**» सरकार किसी भी पार्टी की बने,पर लोगों को सस्ता सिलेंडर मिलेगा ही**

**रायपुर,26 नवम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़,मध्यप्रदेश, राजस्थान तेलंगाना सहित पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हो चुके हैं और हो रहे हैं। जिसमें छत्तीसगढ़ और राजस्थान में चुनाव शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हो गया हैं। चुनाव परिणाम आना अभी बाकी है जिसका बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है । वहीं शेष बचे अन्य राज्यों में आने वाले कुछ दिनों में चुनाव संपन्न हो जाएंगे। चुनाव हो रहे सभी राज्यों के राजनीतिक पार्टियों ने इस बार अपने घोषणा पत्र में कई तरह की योजनाएं लाने की बात कही है जिसमें सस्ता सिलेंडर देने के वायदे भी शामिल है।
पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव में रसोई गैस सिलिंडर के दाम पर पार्टियों ने जमकर दांव खेला है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ने सिलिंडर पर 500 रुपये की सब्सिडी देने, भाजपा ने 500 रुपये में हर गरीब परिवार को सिलिंडर देने की घोषणा की है। मध्य प्रदेश में भाजपा ने 450 रुपये में तो कांग्रेस ने 500 रुपये में सिलिंडर देने और राजस्थान में कांग्रेस ने गरीब महिलाओं को 400 रुपये में गैस सिलिंडर देने की घोषणा की है। तेलंगाना और मिजोरम में भी कांग्रेस-भाजपा समेत तीसरे मोर्चे ने कम कीमत पर सिलिंडर देने का वादा किया है। यानी सरकार किसी की भी बने, लोगों को सस्ता सिलिंडर मिलने की पूरी उम्मीद है।



### सस्ते सिलिंडर पर सियासत : भूपेश ने उठाए सवाल

इधर, छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी के सस्ते सिलिंडर को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रश्न उठा दिया है। उन्होंने इंटरनेट मीडिया एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री तो पूरे देश का होता है, फिर वह राज्यों की जनता के साथ भेदभाव केसे कर सकता है। खैर, मोदी की गलत नीतियों के कारण देशवासी महंगाई से त्रस्त हैं, यह तो उन्होंने स्वयं स्वीकार कर लिया है। अगर मोदी की गारंटी है तो पूरे देश में 450 रुपये में सिलिंडर दे दीजिए। जनता को केंद्र सरकार के प्रकोप से कुछ राहत मिलेगी। भूपेश के प्रश्न पर भाजपा नेता व रायपुर सांसद सुनील सोनी ने जवाब दिया है। उनका कहना है कि ये मोदी की गारंटी है और छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही गरीब वर्ग के परिवारों को सस्ता सिलिंडर मिलेगा।

### सस्ते सिलिंडर के लिए क्या है पार्टियों की घोषणाएं

छत्तीसगढ़ इन्हें मिलेगा सस्ता सिलिंडर प्रदेश में कांग्रेस ने महिलाओं के खातों में गैस सिलिंडर में 500 रुपये की सब्सिडी देने का निर्णय लिया है। यानी गैस सिलिंडर की कीमत अगर 1000 रुपये होगी तो उसमें 500 रुपये कांग्रेस सब्सिडी देगी। जबकि भाजपा ने 500 रुपये में हर गरीब परिवार को सस्ता गैस सिलिंडर देने का वादा किया है। यानी भाजपा केवल गरीबों को यह सुविधा देगी।
मध्य प्रदेश में भाजपा ने 450 रुपये और कांग्रेस ने 500 रुपये में गैस सिलिंडर देने का वादा किया है। यानी यहां भाजपा का सिलिंडर कांग्रेस की तुलना में 50 रुपये सस्ता है। तेलंगानाः बीआरएस 400, कांग्रेस 500 और भाजपा देगी मुफ्तः तेलंगाना विधानसभा चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला है। यहां भारत राष्ट्रीय समिति (बीआरएस) ने 400 रुपये, कांग्रेस ने 500 रुपये और भाजपा ने उज्ज्वला गैस कनेक्शनधारियों को साल में चार मुफ्त सिलिंडर देने की घोषणा की है।
राजस्थान में कांग्रेस गरीब महिलाओं को गैस सिलिंडर 400 रुपये में देने की बात कह रही है तो भाजपा गरीब महिलाओं को 450 रुपये में सिलिंडर देने की घोषणा की है। मिजोरम में कांग्रेस आगेः मिजोरम में कांग्रेस ने 750 रुपये में सिलिंडर देने वादा किया है, जबकि भाजपा भी सस्ते सिलिंडर देने की बात कही है।

## डीएसपी सुशीला के खिलाफ जारी वसूली के आदेश पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**बिलासपुर,26 नवम्बर 2023(ए)।** आईजी कार्यालय में पदस्थ डीएसपी सुशीला टेकाम के खिलाफ जारी वसूली के विभागीय आदेश पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। डीएसपी टेकाम को विभाग ने पत्र जारी कर कहा था कि उन्हें पूर्व के वर्षों में गलत गणना कर अधिक वेतन का भुगतान कर दिया गया था। इस राशि को वेतन से काटा जाएगा।



इस आदेश के खिलाफ टेकाम ने अधिवक्ता अभिषेक पांडेय के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका लगाई। उनकी ओर से कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले स्टेट ऑफ पंजाब विरुद्ध रफीक मसीह तथा थॉमस डेनियल विरुद्ध केरल राज्य आदि मामलों में फैसला दिया है कि अधिक वेतन भुगतान का हवाला देकर ऐसे कर्मचारियों के वेतन से वसूली नहीं की जा सकती जिनकी सेवानिवृत्ति एक वर्ष या उससे कम बची है। टेकाम 31 मार्च 2024 को रिटायर हो रही हैं। सुनवाई के बाद हाई कोर्ट मैं वसूली के आदेश पर रोक लगा दी।

# पदोन्नति में आरक्षण का मामला

**» राज्य सरकार को हाईकोर्ट से राहत नहीं**

**बिलासपुर,26 नवम्बर 2023(ए)।** प्रमोशन में आरक्षण मामले पर राज्य सरकार को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार आरक्षण पर लगी रोक के आदेश में संशोधन या फिर उसे रद्द करने की मांग खारिज कर दी है। मामले जस्टिस रमेश सिन्हा और एन.के. चंद्रवंशी की डीबी में हो रही है। ध्यान रहे कि पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था।
ज्ञात हो कि, राज्य सरकार ने 22 अक्टूबर 2019 को प्रदेश में प्रमोशन पर आरक्षण के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था। इस नोटिफिकेशन तहत प्रथम से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण का लाभ देने की बात कही गई थी। इसमें अनुसूचित जाति को 13 फीसदी, जबकि अनुसूचित जन जाति के लिए 32 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की गई है।



### शासन ने स्वीकार की थी गलती

हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के बाद प्रदेश सरकार द्वारा जारी अधिसूचना पर रोक लगा दी थी। उस वक्त 22 दिसंबर 2019 को शासन की तरफ से महाधिवक्ता सतीशचंद्र वर्मा ने अधिसूचना तैयार करने में गलती होना स्वीकार किया था। इस गलती को सुधार करने के लिए कोर्ट ने एक सप्ताह का समय दिया था। इस पर कोई खास अमल नहीं होने पर तात्कालीन चीफ जस्टिस पीआर रामचंद्र मेनन व जस्टिस पीपी साहू की खंडपीठ ने अधिसूचना पर रोक लगा दी थी। साथ ही सरकार को नियमानुसार दो माह में फिर से नियम बनाने के आदेश दिए था।

### सुको के आदेश और आरक्षण के विपरीत

नोटिफिकेशन में स्पष्ट किया गया था कि यह आरक्षण प्रथम श्रेणी के पदों से प्रथम श्रेणी के उच्च वेतनमान के पदों पर पदोन्नति होने, द्वितीय श्रेणी के पदों से प्रथम श्रेणी के पदों पर पदोन्नति और तृतीय श्रेणी के पदों पर पदोन्नत होने पर दिया जाएगा। राज्य सरकार के इस अधिसूचना के खिलाफरायपुर के एस. संतोष कुमार ने अधिवक्ता योगेश्वर शर्मा के माध्यम से हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए जनहित याचिका प्रस्तुत की है। इस याचिका में कहा गया कि राज्य सरकार का यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के आदेश और आरक्षण नियम के विपरीत है। साथ ही राज्य शासन द्वारा जारी किए गए नोटिफिकेशन को निरस्त करने की मांग की गई।




## 242 पदों पर भर्तियों के लिए सीजीपीएससी ने जारी की अधिसूचना

**रायपुर,26 नवम्बर 2023(ए)।** सीजीपीएससी ने 2024 सत्र की भर्तियों के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। छग लोक सेवा आयोग ने 242 पदों की भर्तियों के लिए यह अधिसूचना जारी की है। इस नोटिफिकेशन के अनुसार 11 फरवरी 2024 को प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की जाएगी, वहीं 1 से 30 दिसंबर तक अभ्यर्थी प्रारंभिक परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

# स्टेट क्रिकेट संघ के कार्यप्रणाली पर उठ रहा सवाल

**» 2000 में बेच रहे 750 वाली टिकट ,फैंस ने जताई नाराजगी**

**रायपुर,26 नवम्बर 2023(ए)।** क्रिकेट के दीवानों के बीच काफी उत्साह देखा जा रहा है। ये उत्साह टिकट का रेट सुनते ही टांय-टांय फिस्स होता भी दिखाई दे रहा है। सवाल उठ रहा है कि आखिर खेल की आड़ में छग क्रिकेट संघ किसकी जेब भरने में लगा है। राजधानी के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी-20 सीरीज का चौथा मुकाबला खेला गया। पहले टिकट के शुरुआती दाम सीएससीएस ने 3500 रुपए तय किया था, लेकिन विरोध होने के बाद दाम कम करके 2000 कर दिया। हालांकि, लोगों का कहना है कि 2000 भी बहुत ज्यादा है। क्योंकि सीरीज के बाकी मुकाबले जहां खेले जा रहे हैं। वहां टिकट की शुरुआती कीमत 750 रुपए है. ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि, ऐसी कौन सी विशेष सुविधा सीएससीएस दे रहा है, जिसके लिए बाकी स्टेडियमों की अपेक्षा लगभग ढाई गुना दाम वसूला जा रहा है।



भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 मैचों की टी-20 सीरीज खेली जा रही है. जिसका चौथा मुकाबला रायपुर में 1 दिसंबर को खेला जाएगा. जिसकी टिकट बुकिंग शुरू हो चुकी है. टिकट को लेकर फैंस में काफी उत्साह भी देखा गया, लेकिन दाम इतना हाईफाई रखा गया कि, रेट को लेकर काफी विवाद की स्थिति भी पैदा हो गई. जिसके बाद छत्तीसगढ़ क्रिकेट बोर्ड को रेट घटाना पड़ा. अब 2000 में फैंस को टिकट बेची जा रही है.

### क्रिकेट बोर्ड ने 2000 क्यों रखा

जानकारी के अनुसार, विशाखापट्टनम में खेले गए मुकाबले की सबसे कम टिकट की प्राइज 750 रुपए थी। वहीं गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम में होने वाले मुकाबले की शुरुआती दाम भी 750 बताया जा रहा है. ऐसे में रायपुर में टिकट का शुरुआती दाम छत्तीसगढ़ क्रिकेट बोर्ड ने 2000 क्यों रखा है।
स्टेडियम पर करीब सवा तीन करोड़ का बिजली बिल बकाया है। भुगतान नहीं करने पर कंपनी ने 5 साल पहले ही कनेक्शन काट दिया था। हालांकि, पीडब्ल्यूडी और छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के आवेदन पर अस्थाई बिजली कनेक्शन दिया गया. इससे स्टेडियम के रूम, दर्शक दीर्घा और बॉक्स रोशन होते हैं, लेकिन फ्लड लाइट जलाने के लिए जनरेटर का इस्तेमाल करना होता है।





# बस 3 दिसंबर का है इंतजार

### रमन सिंह ने कहा राजनांदगांव के साथ हुआ पक्षपात

**रायपुर,26 नवम्बर 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने कांग्रेस सरकार पर विकास बाधित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने एक्स प्लेटफॉर्म पर लिखा है कि राजनांदगांव के साथ पक्षपात किया जा रहा है। अब बस 3 दिसंबर का इंतजार है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा है कि पिछले 5 साल से कांग्रेस की सरकार में राजनांदगांव के साथ पक्षपात हुआ है, राजनांदगांव से विभिन्न शासकीय कार्यालयों को हटाकर जिले के विकास को बाधित किया गया और अब आचार संहिता के दौरान महुआ फूल प्रसंस्करण इकाई को राजनांदगांव से पाटन ले जाया जा रहा है जो एक बार फिर राजनांदगांव के साथ हो रहे पक्षपात का प्रमाण बनकर खड़ा है।
आगे उन्होंने लिखा, अब बस 3 दिसंबर का इंतज़ार है। बहुत जल्द प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही राजनांदगांव समेत पूरे प्रदेश के रुके विकास को एक बार फिर गति मिलेगी।

# अभ्यर्थी को अवसर देने से वंचित नहीं किया जा सकता:हाईकोर्ट

**» डॉक्टर की याचिका पर सीजीपीएससी को फटकार,दिए नियुक्ति देने के निर्देश**

**बिलासपुर,26नवम्बर 2023(ए)।** हाईकोर्ट ने छत्तीसगढ लोक सेवा आयोग को फटकार लगाई कि नियमों की आड़ लेकर परिश्रम के बाद चयन के मौके तक पहुंचे अभ्यर्थी को अवसर देने से वंचित नहीं किया जा सकता। नियमों की आड़ लेकर प्रतीक्षा सूची में शामिल अभ्यर्थी को वंचित करने पर सीजीपीएससी को हाईकोर्ट ने फटकार लगाई है और नियुक्ति देने का आदेश दिया है।






याचिकाकर्ता डॉक्टर महेंद्र साहू ने 2014 की पीएससी परीक्षा में फॉरेंसिक साइंस वैज्ञानिक के पद की प्रतीक्षा सूची में दूसरा स्थान हासिल किया था। पहले स्थान पर शामिल अभ्यर्थी की नियुक्ति एक कॉलेज में व्याख्याता के पद पर हो चुकी थी। इसलिए उन्होंने पीएससी के पद को स्वीकार नहीं किया। इसके लिए उसे पर्याप्त समय दिया गया था। पहले स्थान के अभ्यर्थी की नियुक्ति नहीं होने पर दूसरे स्थान पर प्रतीक्षा सूची में शामिल साहू ने अपनी नियुक्ति के लिए सीजीपीएससी में आवेदन दिया। सीजीपीएससी ने इस पर राज्य सरकार को पत्र लिखकर सहमति मांगी। राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से सहमति देने में विलंब हो गया। इसके बाद सीजीपीएससी ने नियुक्ति देने से यह कहकर इंकार कर दिया की प्रतीक्षा सूची में नियुक्ति की वैधता 23 जून 2016 को समाप्त हो चुकी है।



# कार्रवाई नहीं होने से खफा कांग्रेस

### बोली-बीजेपी ने वोटरों को प्रलोभन दिया

**रायपुर,26नवम्बर 2023(ए)।** प्रदेश कांग्रेस प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से शिकायत दर्ज कराकर 7 नवंबर की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई की मांग की है। पार्टी की मांग है कि इस शिकायत पर आयोग तुरंत संज्ञान ले और जल्द से जल्द कार्रवाई करे।
प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भाजपा के महतारी वंदन योजना के खिलाफ निर्वाचन आयोग में हुई शिकायत पर अब तक कार्रवाई नहीं होने से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र लिखा है। कांग्रेस पार्टी का आरोप है कि भाजपा ने छत्तीसगढ़ के अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में महतारी वंदन योजना का पंजीयन फॉर्म भरवाया था।
इस पंजीयन फॉर्म में प्रधानमंत्री की तस्वीर के साथ यह कहा जा रहा था कि इसे भरने से परिवार की महिलाओं को 1000 रुपए प्रति माह और सालाना 12000 रुपए मिलेंगे। कांग्रेस इसे मतदाताओं को सीधे प्रलोभन देने का मामला बता रही है।
बीजेपी का यह अभियान लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत भ्रष्ट आचरण और निर्वाचन अपराध के प्रावधानों की धारा 123 की उप धारा (अ) रिश्वत में जो दिशा-निर्देश है, उसके तहत मतदाताओं को रिश्वत देने की श्रेणी में आता है।

# बीजेपी ने लगाया आचार संहिता के उल्लंघन और षड्यंत्र का आरोप

**» बीजेपी नेता का आरोप है कि 25 हजार कर्मचारियों को मतदान से षड्यंत्र पूर्वक वंचित रखा गया**

**रायपुर,26 नवम्बर 2023(ए)।** भाजपा मुख्य प्रवक्ता व पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर का आरोप है कि 25000 कर्मचारियों को मतदान से षड्यंत्रपूर्वक वंचित रखा गया है। केयरटेकर के दबाव में बीजापुर कलेक्टर को हटाने और पाटन में आचार संहिता के उल्लंघन पर कार्रवाई



की मांग उन्होंने कहा कि बैलेट पेपर द्वारा हुए मतदानों में उजागर व्यापक अनियमितताओं को लेकर भारतीय जनता पार्टी बेहद गंभीर है।चंद्राकर ने इस बात पर कड़ा ऐतराज जताया है कि केयरटेकर मुख्यमंत्री के दबाव में कलेक्टर को हटाने के कार्रवाई हो या खुद के पाटन निर्वाचन क्षेत्र में आचार संहिता के उल्लंघन का मामले की जांच नहीं की जा रही है।श्री चंद्राकर ने कहा कि विधानसभा चुनाव, 2023 में चुनाव ड्यूटी तथा आवश्यक सेवा में नियुक्त शासकीय कर्मचारियों हेतु बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान की व्यवस्था की गई थीइसके अतिरिक्त 80 वर्ष से अधिक एवं दिव्यांग मतदाताओं हेतु भी बैलेट पेपर के माध्यम से उनके निवास पर मतदान की विशेष व्यवस्था की गई थी किन्तु सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ से बैलेट पेपर से हुए मतदानों में व्यापक अनियमितता की शिकायतें प्राप्त हुई हैं

# छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर में करीब 19 आईईडी प्लांट को जवानों ने किया डिफ्यूज



**» नक्सली साजिश नाकाम, बरामद किए गए 100 किलो बारूद**

**बस्तर,26नवम्बर 2023(ए)।** फोर्स को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों ने छत्तीसगढ़-ओडिशा के बॉर्डर, दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले में करीब 19 आईईडी प्लांट कर रखा था। जिसे जवानों ने बरामद कर डिफ्यूज कर दिया। बस्तर के अलग-अलग जिलों में पुलिस ने पिछले 4 दिनों के अंदर करीब 100 किलो बारूद बरामद किया है।

# गृहमंत्री के करीबी पप्पू यादव पर जानलेवा हमला



**दुर्ग,26नवम्बर 2023(ए)।** रिसाली गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू का विधानसभा क्षेत्र है जहां गुंडों का आतंक जारी है । मंत्री ताम्रध्वज साहू के करीबी पप्पू यादव पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला किया है । जिले के नेवई थाना अंतर्गत रिसाली क्षेत्र में कांग्रेस नेता पप्पू यादव पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया।
हमले के बाद कांग्रेस नेता की हालत गंभीर बनी हुई है। लोगों का कहना है कि जब गृहमंत्री के क्षेत्र में उनके कार्यकर्ता और कांग्रेस नेता सुरक्षित नहीं हैं, तो फिर आम लोगों की सुरक्षा पुलिस कैसे करेगी।
नेवई टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि घटना शनिवार रात 8-9 बजे के बीच की है। पप्पू यादव रात 8.30 बजे के करीब शीतला मंदिर टंकी मरोदा के पास स्थित चाय चौपाल नाम की दुकान में रोज बैठता है। वहां अन्य लोग भी बैठे रहते हैं।
शनिवार रात अचानक मंगल देवार, दादू देवार, हरीश साहू सहित 15-20 लड़के आए और डंडे-हॉकी से पप्पू यादव पर हमला कर दिया। पप्पू यादव के लोगों ने आरोपियों से मारपीट की।
इसी दौरान मंगल देवार वहां से गया और चाकू लेकर आ गया। उसने पप्पू के पेट में चाकू घुसा दिया। पसली के पास चाकू लगने से पप्पू वहीं ढेर हो गया। इसके बाद सभी लोग वहां से भाग गए। पप्पू के साथियों ने उसे तुरंत सेक्टर- 9 के हॉस्पिटल पहुंचाया। वहां उसे आईसीयू में रखा गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# रायपुर एयरपोर्ट में वाहन चालकों से 20 के बदले हो रही 50 रुपये की अवैध वसूली

**रायपुर,26 नवम्बर 2023(ए)।** रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की पर्किंग में अवैध वसूली की वजह से लोग त्रस्त हैं। एयरपोर्ट पर चार पहिया वाहन चालकों से 20 रुपये के बदले 50 रुपये तक की अवैध वसूली हो रही है। इस मामले की शिकायत रायपुर एयरपोर्ट अथॉरिटी तक भी पहुंची है। इस पर अथॉरिटी की तरफ से पार्किंग ठेकेदार को नोटिस जारी किए जाने की बात कही जा रही है। रायपुर के रहने वाले नितिन सिंघवी ने दो दिन पहले एक्स (ट्वटी) करके एयरपोर्ट की पार्किंग में हो रही अवैध वसूली की शिकायत की थी। सिंघवी ने बताया कि



एअरपोर्ट पर पार्किंग की अवैध वसूली के मेरे ट्वीट के बाद अथॉरिटी ने खेद वक्त कर कहा है कि ठेकेदार को शो कॉज नोटिस जारी किया है। अनुबंध अनुसार पेनल्टी लगाई जाएगी। मैंने ट्वीट कर पूछा था कि रंगदारी की वसूली कब बंद होगी? निजी वाहनों से रुपये 20 की जगह रु 50 वसूला जाता है। गणना एक माह में लाखों की अवैध वसूली बताती है। अनुबंध अनुसार पेनल्टी कुछ हजार की ही लगाई जाएगी। इससे अवैध वसूली नहीं रुक पाएगी। एक अनुमान के अनुसार अवैध वसूली प्रति माह रुपये 5 लाख तक की हो सकती है। जबकि ठेका रु 6,57,777/- प्रति माह की दर से 13.08.2019 को दिया गया था।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)